दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। गुरुवार 14 अगस्त-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 235 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## सुप्रीम कोर्ट में फिर गूंजा आवारा कुत्तों का मुद्दा

# डॉग लवर्स बोले- आदेश की लिखित कॉपी मिलने से पहले ही एक्शन शुरू



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर के आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी करने और इन्हें स्थाई तौर पर शेल्टर होम में रखने का आदेश दिया है, इसे लेकर कार्यकताओं में नाराजगी बढ़ गई है, लिहाजा वह एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा रहे हैं।

आज शाम 4 बजे कार्यकताओं ने सीजेआई जस्टिस बीआर गवई के समक्ष यह मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ द्वारा सोमवार को पारित आदेश की लिखित प्रति अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। आमतौर पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश 24-48 घंटे में वेबसाइट पर अपलोड कर वकीलों को भेज दिए जाते हैं, लेकिन सोमवार को दिल्ली के आवारा कुत्तों पर स्वतः संज्ञान मामले में दिए गए आदेश को बुधवार शाम 4:30 बजे तक प्रकाशित नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश और टिप्पणियों के बाद न केवल एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट विरोध कर रहे हैं, बल्कि स्थानीय प्रशासन ने भी आवारा कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी है। सीजेआई की पीठ के समक्ष एक वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की दो अलग-अलग पीठों के आदेश परस्पर विरोधी हैं।

2024 में जस्टिस संजय करोल और जस्टिस जेके माहेश्वरी की बेंच ने सरकार को एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों को लागू करने का निर्देश दिया था, जिसमें कुत्तों को उनके मूल स्थान पर वापस छोड़ने और उनकी हत्या पर रोक लगाने के आदेश शामिल थे।

# पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद 15 अगस्त को लेकर अलर्ट

**- डीसीपी ट्रांस हिंडन व एसीपी इंदिरापुरम ने संभाले बॉर्डर**
**- एसीपी कोतवाली ने खंगाले होटल**

## जगह-जगह चले तलाशी अभियान और पैदल गश्त




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा का पूरा खाका तैयार कर लिया है। गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या से ही शहरी क्षेत्र के अलावा जिले की सभी सीमाओं पर पुलिस की विशेष चौकसी रहेगी। इसके लिए सभी सीमाओं पर भारी पुलिस बल को तैनात किया जाएगा। गुरुवार देर रात से दिल्ली से सटी सीमाओं को सील कर दिया जाएगा। साथ ही बड़े वाहन की एंट्री पर रोक लगा दी जाएगी और चेकिंग के बाद ही छोटे वाहनों की आवाजाही हो सकेगी। बुधवार को बार्डर इलाकों खासतौर पर दिल्ली से सटी टीएचए व लोनी की सीमाओं पर विशेष रूप से चौकसी का अभियान चला। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव, एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह ने जिले में एंट्री करने वाले हर वाहन की सघन चेकिंग कराई। वहीं संदिग्ध व्यक्ति को गहनता से पूछताछ करने के बाद ही छोड़ा गया। शहरी क्षेत्र के सभी मुख्य चौराहों पर भी थाना प्रभारियों को चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

### होटलों, मॉल और बाजारों में चला चेकिंग अभियान



करंट क्राइम : बुधवार को सिटी, ग्रामीण और ट्रांस हिंडन जोन में पुलिस की टीमों ने मॉल, होटलों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, मेट्रो समेत प्रत्येक सार्वजनिक स्थानों पर नजर बनाई और चेकिंग अभियान चलाया गया। विशेष तौर पर एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसएचओ कोतवाली धर्मपाल सिंह ने होटलों में आगन्तुक रजिस्टर चेक कराएं। साथ ही आगन्तुकों की आईडी चेक हुई। वहीं मॉल्स व रेलवे स्टेशन और बस अड्डों के आसपास मुखबिर तंत्र को भी मजबूत किया गया है। मेट्रो स्टेशन के आस-पास भी पुलिस को नजर रखने को कहा गया है।

### पुलिस कमिश्नर ने दिए सतर्कता बरतने के निर्देश



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने इलाके में में सतर्कता बरतने और सभी संदिग्धों ओर नजर बनाये रखने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की है कि किसी को भी कोई संदिग्ध दिखाई देता है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें ताकि वो अपने मंसूबों में कामयाब ना हो सकें। खास तौर पर 15 अगस्त और जन्माष्टमी पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

# मतदाता सूची को लेकर क्यों कर रही कांग्रेस विरोध : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मतदाता सूची में हेराफेरी करके वोटों की चोरी का आरोप और बिहार में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण का विरोध दोनों एक दूसरे के विरोधी आरोप हैं। कल दोनों आरोपों को लेकर विपक्ष के सांसदों ने विरोध प्रदर्शन किया। एक में मतदाता सूची में धांधली करके चुनाव जीतने का आरोप है और दूसरे में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में जांच करके वोट काटने का आरोप है।अगर ये आरोप सही है कि मतदाता सूची में बहुत सारी गलतियां हैं तो फिर उसका समाधान गहन पुनरीक्षण करके उसे ठीक करने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। अगर सच में कांग्रेस और उसके नेता श्रीमान राहुल गांधी जी मानते हैं कि मतदाता सूची में बड़ी गलतियां हैं। एक एक घर में सैंकड़ों मतदाता बने हैं।

एक मतदाता के कई स्थानों पर मतदाता सूची में नाम हैं। तो उसका एक ही समाधान है कि मतदाता सूची की पूरी जांच करके उससे ऐसी सभी गलतियों को ठीक किया जाए। अगर चुनाव आयोग मतदाता सूची से उन लोगों के नाम काटना चाहता है जो मर गए हैं। उन लोगों के वोट काटना चाहता है जो कहीं दूसरे स्थान पर चले गए हैं। उन लोगों के वोट काटना चाहता है जिनके एक से अधिक स्थानों पर वोट बने हैं और उनके वोट काटना चाहता है जो भारत के मतदाता नहीं हो सकते हैं तो फिर कांग्रेस और राहुल गांधी जी को आपत्ति क्यों है ?

> **मतदाता सूची में हेराफेरी करके वोटों की चोरी का आरोप और बिहार में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण का विरोध दोनों एक दूसरे के विरोधी आरोप हैं।**
>
> 
>
> **अगर चुनाव आयोग मतदाता सूची से उन लोगों के नाम काटना चाहता है जो मर गए हैं। उन लोगों के वोट काटना चाहता है जो कहीं दूसरे स्थान पर चले गए हैं। उन लोगों के वोट काटना चाहता है जिनके एक से अधिक स्थानों पर वोट बने हैं और उनके वोट काटना चाहता है जो भारत के मतदाता नहीं हो सकते हैं तो फिर कांग्रेस और राहुल गांधी जी को आपत्ति क्यों है ?**

# आज रात से स्वतंत्रता दिवस को लेकर रहेगा रूट डॉयवर्जन, कई इलाकों पर रहेगा असर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली में प्रस्तावित कार्यक्रम के अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डॉयवर्जन प्लान लागू किया गया है। आज रात से ही डॉयवर्जन रहेगा, ऐसे में गाजियाबाद के लोग संभलकर निकलें। गाजियाबाद के एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने बताया कि लालकिला दिल्ली में 15 अगस्त को मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

जिसको सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए बीते दिनों रिहर्सल कार्यक्रम किया गया था। अब मुख्य कार्यक्रम के दौरान 14 अगस्त की रात्रि 8 बजे से दिनांक 15 अगस्त को कार्यक्रम की समाप्ति तक हल्के मध्यम व भारी व्यवसायिक वाहन गाजियाबाद डॉयवर्ट रहेंगे।

### यह है डायवर्जन प्लान




- एनएच-09 से यूपी गेट होते हुए सभी प्रकार के हल्के मध्यम व भारी व्यवसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।
- डाबर तिराहा से महाराजपुर होते हुए सभी प्रकार के हल्के मध्यम व भारी व्यवसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।
- मोहननगर से सीमापुरी होते हुए सभी प्रकार के हल्के मध्यम व भारी व्यवसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा।
- भोपुरा बॉर्डर से सभी प्रकार के हल्के मध्यम, भारी व्यवसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।
- लोनी बॉर्डर से सभी प्रकार के हल्के मध्यम व भारी व्यवसायिक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

### मेरठ स्थित टोल प्लाजा

- जिला मेरठ स्थित काशी टोल प्लाजा से गाजियाबाद की ओर एवं भोजपुर एंट्री / आईएमएस कॉलेज आईपेम कॉलेज एंट्री पॉइंट से दिल्ली की ओर सभी प्रकार के हल्के मध्यम, भारी व्यवसायिक वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा।
- पुस्ता खजूरी मार्ग से दिल्ली की ओर सभी प्रकार के हल्के मध्यम/भारी व्यवसायिक वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगा।
- सूर्यनगर बॉर्डर से दिल्ली की ओर सभी प्रकार के हल्के व भारी व्यवसायिक वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

> लोगों को परेशानी नहीं हो, इसके लिए रूट डॉयवर्जन किया गया है। वहीं लोगों से इसका पालन करने की अपील की गई है।
>
> 
>
> **सचिदानंद,** एडीसीपी ट्रैफिक गाजियाबाद

# 850 कैमरों से होगी ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों की निगरानी

# 15 अक्टूबर से शुरू होना है इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम

**- पुलिस, ट्रैफिक और नगर निगम के अधिकारियों ने की मीटिंग**
**- नगर आयुक्त ने बताया अब ऑटोमेटिक रेड और ग्रीन होगी शहर की ट्रैफिक लाइटें**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के ट्रैफिक मैनेजमेंट को सुधारने के लिए लगातार नगर निगम और नगर आयुक्त के साथ ही ट्रैफिक पुलिस और सिविल पुलिस तैयारी कर रही है। तो पुलिस कमिश्नर भी इस दिशा में महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दे रहे हैं। बुधवार को शहर में चल रहे इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के कार्यों की नगर आयुक्त और एडिशनल सीपी की टीम ने प्रगति ली देखी है। तो ट्रैफिक को देखते हुए अब ऑटोमेटिक रेट और ग्रीन लाइटें शहर में शुरू की जाएगी, जिससे जाम में मुक्ति मिलेगी। वहीं एडिशनल सीपी ने ई-रिक्शा का कलर कोडिंग करते हुए ट्रैफिक को सुधारने का निर्देश दिया है। बताया जा रहा है कि 15 अक्टूबर तक इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम को गाजियाबाद के प्रमुख स्थानों पर चालू किया जाएगा। जिसके तहत 850 से अधिक कैमरों को लगाया गया है। जिसमें यातायात नियम तोड़ने वालों को पूरी तरीके से कैद किया जाएगा। इसके लिए लगभग गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 54 करोड़ की लागत से शहर हित में इंटीग्रिटी मैनेजमेंट सिस्टम परियोजना और अलग से बिल्डिंग भी बनाई गई है।

## नगर आयुक्त और एडिशनल सीपी बोले जाम, दुर्घटना और क्राइम पर होगा कंट्रोल



करंट क्राइम : बुधवार को नगर निगम में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम को लेकर आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। तो बैठक में एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, एडीसीपी ट्रैफिक सचिदानंद ,एडीसीपी क्राइम पीयूष कुमार सिंह, गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी और बैठक में इस प्रोजेक्ट को चलाने वाले कंपनी के मैनेजर राजीव भारद्वाज द्वारा प्रेजेंटेशन दी गई है। बताया जा रहा है कि इस इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट शुरू होने से गाजियाबाद जहां स्मार्ट सिटी योजना के महत्वपूर्ण मापदंड को पूरा करेगा, तो वहीं सड़क हादसों में कमी लाने का भी इस सिस्टम से काम किया जाएगा। बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग ,ओवर स्पीड और नियमों के विरुद्ध वाहनों को चलाने वालों पर 850 से अधिक कैमरों के माध्यम से निगरानी और ऑटोमेटिक चालान काटने का भी काम किया जाएगा।

### अब ऑटोमेटिक होगी ट्रैफिक सिग्नल की रेड और ग्रीन लाइटें



करंट क्राइम : इस दौरान विक्रमादित्य सिंह मलिक और एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने जानकारी दी है कि अभी तक शहर के सभी प्रमुख ट्रैफिक चौराहों पर मैन्युअल लाइट सिस्टम था लेकिन अब ऑटोमेटिक लाइट सिस्टम शुरू हो जाएगा। जिसके तहत हरी और लाल लाइटें ऑटोमेटिक होगी। इससे शहर वासियों को आराम मिलेगा और जाम पर भी काफी हद तक रहता होगी।

### ट्रैफिक और नगर निगम का महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम



करंट क्राइम : इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम परियोजना का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इसका सबसे ज्यादा लाभ नगर निगम और यातायात पुलिस को होगा। वहीं स्थानीय पुलिस को भी काफी मदद मिलेगी। इसके लिए बाकायदा नगर निगम में अलग सेटअप लगाया गया है। तो इसमें आधुनिक कैमरे और बड़ी संख्या में ट्रैफिक लाइट के प्लेटफार्म बनाने का काम भी पूरा कर लिया गया है, यह दिवाली तक शुरू करने की प्लानिंग है।

## श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन के अध्यादेश को विधानसभा की मंजूरी

# चढ़ावा, संपत्ति और प्रशासन का मिला हक



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बांके बिहारी मंदिर निर्माण आर्डिनेंस को मंजूरी मिल गई। सदन में बुधवार सुबह 11 बजे विकसित भारत, विकसित यूपी विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर लगातार 24 घंटे की चर्चा शुरू हो गई है। इसमें सरकार विभागवार उपलब्धियां और विजन रख रही है, जबकि विपक्ष के सवालों का दौर भी जारी है। इस दौरान सत्र में बांके बिहारी कॉरिडोर आर्डिनेंस विधेयक भी पास हो गया है।

अध्यादेश स्पष्ट करता है कि मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा। इसमें मंदिर में स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर और प्रसीमा के भीतर देवताओं के लिए दी गई भेंट/उपहार, किसी भी पूजा-सेवा-कर्मकांड-समारोह-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण, तथा मंदिर परिसर के उपयोग के लिए डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक तक शामिल हैं। मंदिर की संपत्तियों में आभूषण, अनुदान, योगदान, हुंडी संग्रह सहित श्री बांके बिहारी जी मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियां सम्मिलित मानी जाएंगी। सरकार ने कहा है कि न्यास का गठन स्वामी हरिदास की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है। स्वामी हरिदास के समय से चली आ रही रीति-रिवाज, त्योहार, समारोह और अनुष्ठान बिना किसी हस्तक्षेप या परिवर्तन के जारी रहेंगे।

न्यास दर्शन का समय तय करेगा, पुजारियों की नियुक्ति करेगा और वेतन, भत्ते/प्रतिकर निर्धारित करेगा। साथ ही भक्तों और आगंतुकों की सुरक्षा तथा मंदिर के प्रभावी प्रशासन और प्रबंधन की जिम्मेदारी भी न्यास पर होगी। न्यास गठन के बाद श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। प्रसाद वितरण, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए अलग दर्शन मार्ग, पेयजल, विश्राम हेतु बेंच, पहुंच एवं कतार प्रबंधन कियोस्क, गौशालाएं, अन्नक्षेत्र, रसोईघर, होटल, सराय, प्रदर्शनी कक्ष, भोजनालय और प्रतीक्षालय जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी।

### इस तरह होगा न्यास का गठन

- न्यास में 11 मनोनीत और 7 पदेन सदस्य होंगे।
- मनोनीत सदस्य: वैष्णव परंपराओं/संप्रदायों/पीठों से 3 प्रतिष्ठित सदस्य (जिनमें साधु-संत, मुनि, गुरु, विद्वान, मठाधीश, महंत, आचार्य, स्वामी सम्मिलित हो सकते हैं)।
- सनातन धर्म की परंपराओं/संप्रदायों/पीठों से 3 सदस्य (उसी श्रेणी के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व)।
- सनातन धर्म की किसी भी शाखा/संप्रदाय से 3 सदस्य (प्रतिष्ठित व्यक्ति/ शिक्षाविद /विद्वान /उद्यमी /वृत्तिक /समाजसेवी)।
- गोस्वामी परंपरा से 2 सदस्य- स्वामी हरिदास जी के वंशज; एक राज-भोग सेवादारों और दूसरा शयन-भोग सेवादारों का प्रतिनिधि.सभी मनोनीत सदस्य सनातनी हिंदू होंगे। उनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा।
- पदेन सदस्य में मथुरा के जिला मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ, बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट के सीईओ और राज्य सरकार का नामित प्रतिनिधि शामिल होंगे। यदि कोई पदेन सदस्य सनातन धर्म को नहीं मानने वाला/गैर-हिंदू हुआ, तो उसकी जगह उससे कनिष्ठ अधिकारी को नामित किया जाएगा।

# लखनऊ विकास प्राधिकरण करेगा नई टाउनशिप विकसित

## 3 लाख लोगों को मिलेगी आवासीय सुविधा



**लखनऊ।** करंट क्राइम। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने एक नई टाउनशिप विकसित करेगा। सीतापुर रोड पर विकसित की जाने वाली टाउनशिप को नैमिष नगर का नाम दिया गया है। इस टाउनशिप में लगभग 3 लाख लोगों को आवासीय सुविधा मिलने की उम्मीद है। बीकेटी तहसील के पुरवा गांव में योजना का पहला साइट ऑफिस बनाया गया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बीकेटी तहसील के 18 गांवों की करीब 1084 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की है। इनमें ग्राम भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, पुरवा, सैरपुर, फरुर्खाबाद, कोड़री भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पलहरी, गोपरामऊ, बारूमऊ, धतिंगरा, सैदापुर, पश्चिम गांव, धोबैला, उमरभारी और दुग्गौर शामिल हैं। 4,785 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस योजना को प्राधिकरण बोर्ड की मंजूरी मिल चुकी है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यह योजना केवल आवासीय जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ एक पूर्ण विकसित स्मार्ट टाउनशिप होगी। यहां चौड़ी सड़कें, ग्रीन बेल्ट, पार्क, स्कूल, अस्पताल, कम्युनिटी सेंटर, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, व्यावसायिक केंद्र समेत आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह प्रोजेक्ट लखनऊ के उत्तरी हिस्से को नई पहचान देगा और उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा व लॉजिस्टिक सेक्टर में बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि जमीन खरीदने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इसके लिए राजस्व विभाग और एलडीए की टीम लगातार किसानों से बातचीत कर रही है। योजना में आने वाले गांवों में संपर्क मार्ग, जल निकासी, खेल मैदान, बारात घर, स्वास्थ्य केंद्र, तालाब, कब्रिस्तान, स्कूल, पार्क और श्मशान जैसी सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा।

# रैपर बादशाह के क्लब के बाहर बम फेंकने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

### गैंगस्टर गोल्डी बरार से है कनेक्शन



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने चंडीगढ़ स्थित मशहूर रैपर और गायक बादशाह के नाइट क्लब के बाहर हुए बम धमाकों के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंजाब के फरीदकोट के रहने वाले दीपक के रूप में हुई है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल आरोपी से पूछताछ कर रही है। दीपक को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।

शुरूआती जांच में सामने आया है कि दीपक गैंगस्टर गोल्डी बरार के लगातार संपर्क में था। बता दें कि गोल्डी बरार ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। गोल्डी बरार, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है।

चंडीगढ़ के सेक्टर-26 स्थित सेविले बार एंड लाउंज और डिओरा क्लब के बाहर बीते 26 नवंबर को बम धमाके हुए थे। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था, जिसमें आरोप क्लबों के बाहर बम फेंकर भागते दिख रहे थे। धमाकों के कारण क्लबों के शीशे भी टूट गए थे। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं थी।

## दिल्ली विधानसभा परिसर आज व कल आम लोगों के लिए खुलेगा

# शाम 5 बजे से कर सकेंगे ऐतिहासिक भ्रमण



**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 14 और 15 अगस्त को आम लोग दिल्ली विधानसभा परिसर का भ्रमण कर सकेंगे। शाम 5 से 8 बजे तक दिल्लीवासी 115 साल पुराने इस ऐतिहासिक भवन को देख सकेंगे। इस दौरान बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) का बैंड देशभक्ति की धुनों से माहौल को जोश से भरेगा। साथ ही साहित्य कला परिषद के सांस्कृतिक कार्यक्रम भारत की समृद्ध संस्कृति को दशाएंगे। खास लाइटिंग की सजावट से विधानसभा परिसर और भी आकर्षक लगेगा। दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने बताया कि इस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, मंत्री, विधायक और कई विशिष्ट मेहमान शामिल होंगे। इस दौरान दिल्लीवासी न सिर्फ इस भव्य भवन को देख सकेंगे, बल्कि इसके ऐतिहासिक और लोकतांत्रिक महत्व को भी समझ सकेंगे। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम भारत की कला और संस्कृति को प्रदर्शित करेंगे जो राष्ट्रीय एकता का संदेश देंगे।

### भ्रमण के लिए किसी पंजीकरण की जरूरत नहीं

खास बात यह है कि इस आयोजन में शामिल होने के लिए किसी पंजीकरण की जरूरत नहीं है। दोनों दिन शाम 5 बजे से प्रवेश शुरू होगा। बस लोगों को आधार कार्ड जैसे पहचान पत्र दिखाने होंगे। यह आयोजन न सिर्फ मनोरंजन का मौका देगा, बल्कि लोगों में देशप्रेम और लोकतांत्रिक मूल्यों को भी बढ़ावा देगा।

## अपराध और अपराधियों से सपा का कनेक्शन... योगी सरकार रहम नहीं करेगी : डिप्टी सीएम



**लखनऊ।** यूपी विधान परिषद में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अपराध करने वाले और उन्हें संरक्षण देने वाले सपा से जुड़े लोग हैं। योगी सरकार अपराधियों पर कोई रहम नहीं करेगी। विधान परिषद में नेता सदन और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि योगी सरकार में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। प्रदेश में अपराध करने वाले या उन्हें संरक्षण देने वाले सपा के लोग निकल रहे हैं। वहीं, परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि प्रदेश में रक्षक ही भक्षक बन गए हैं। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। इस मुद्दे को लेकर सपा ने सदन से वॉकआउट किया। सपा सदस्यों ने मंगलवार को कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिये कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की। सपा के मुकुल यादव ने कहा कि यूपी में प्रतिदिन 10 हत्याएं हो रही हैं। किरणपाल कश्यप ने कहा कि आरक्षण की हकमारी हो रही है। भाजपा के लोग पीलीभीत में मंदिर की जमीन तक कब्जा कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि 1 जनवरी 2025 से 15 जुलाई 2025 तक के आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं के प्रति अपराधों में काफी वृद्धि हुई है। शाहजहांपुर पुलिस ही पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध कब्जे कर रही है। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में सत्ता पाने के सपने देख रही है, जो मुंगेरी लाल के सपने से अधिक कुछ नहीं है। सपा राज में गुंडागर्दी खत्म हो गई।

# जज वर्मा के पास इस्तीफा देना ही एकमात्र विकल्प

## संसद ने हटाया तो नहीं मिलेंगे पेंशन समेत अन्य लाभ



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ने जज यशवंत वर्मा के घर पर जली हुई नकदी की बरामदगी के मामले में जांच समिति का गठन किया है। अगर संसद वर्मा को हटाती है तो उन्हें पेंशन समेत अन्य लाभ नहीं मिलेंगे। ऐसे में उनके पास इससे पहले इस्तीफा देना ही एकमात्र विकल्प है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए एक समिति गठित की है। ऐसे में संसद की ओर से हटाए जाने से पहले उनके पास एकमात्र विकल्प इस्तीफा देना ही बचा है। इस समिति में सुप्रीम कोर्ट के जज अरविंद कुमार, मद्रास हाईकोर्ट चीफ जस्टिस मनींद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील बी. वी. आचार्य शामिल हैं।

क्या कहता है संविधान का अनुच्छेद 217 संविधान के अनुच्छेद 217 के मुताबिक, हाईकोर्ट के जज अपने हस्ताक्षर के साथ अपना इस्तीफा दे सकते हैं। जज के इस्तीफे को किसी स्वीकृति की जरूरत नहीं होती। केवल एक पत्र ही काफी होता है। जज इस्तीफे के लिए एक संभावित तारीख भी दे सकते हैं और इस तारीफ से पहले वे इस्तीफा वापस भी ले सकते हैं।

तत्कालीन सीजेआई ने इस्तीफा देने को कहा था दूसरा तरीका यह है कि संसद भी जज को हटा सकती है। तत्कालीन चीफ जस्टिस (सीजेआई) संजीव खन्ना ने वर्मा को हटाने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था।

यह पत्र तीन जजों की जांच समिति की रिपोर्ट पर आधारित था। खन्ना ने वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा था, लेकिन वर्मा ने इनकार किया था। न्यायाधीश जांच अधिनियम 1968 के मुताबिक, जब किसी सदन में किसी जज को हटाने का प्रस्ताव स्वीकार किया जाता है, तो अध्यक्ष या उपाध्यक्ष तीन सदस्यों की समिति बनाएंगे जो आरोपों की जांच करेगी। इस समिति में सीजेआई या सुप्रीम कोर्ट के जज, एक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और एक प्रतिष्ठित कानूनी जानकार शामिल होंगे।

### 146 लोकसभा सदस्यों ने की जज वर्मा को हटाने की मांग: बिरला

बिरला ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि यह समिति जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। तब तक वर्मा को हटाने का प्रस्ताव लंबित रहेगा। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को 146 लोकसभा सदस्यों ने जज वर्मा को हटाने की मांग की थी, जिसमें भाजपा के रवि शंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल थे।

### संसद ने हटाया तो नहीं मिलेंगे पेंशन और अन्य लाभ

जजों की नियुक्ति और हटाने की प्रक्रिया को जानने वाले अधिकारियों ने बताया कि वर्मा अगर संसद के सामने अपना पक्ष रखने जाते हैं, तो वह मौखिक रूप से इस्तीफा दे सकते हैं, जिसमें इस्तीफा माना जाएगा। अगर वह इस्तीफा देते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त जज के रूप में पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद की ओर से हटाया गया, तो उन्हें ये लाभ नहीं मिलेंगे।

# 'सावरकर पर बयान देने के कारण जान का खतरा', राहुल गांधी ने दी पुणे कोर्ट में याचिका



**नई दिल्ली।** विनायक सावरकर पर टिप्पणी के कारण पुणे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला चल रहा है। इसी मामले में पुणे की एक विशेष सांसद-विधायक अदालत ने बुधवार को उनके वकील की ओर से दायर एक याचिका को रिकॉर्ड में लिया।

वीर सावरकर पर की गई टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे आपराधिक मानहानि मामले में उनके वकील ने पुणे कोर्ट में एक याचिका दाखिल की है।

जिसमें गांधी की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। विनायक सावरकर पर टिप्पणी के कारण पुणे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला चल रहा है। पुणे की एक विशेष सांसद-विधायक अदालत ने बुधवार को उनके वकील की ओर से दायर एक याचिका को रिकॉर्ड में लिया। इस याचिका में राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर आशंका व्यक्त की गई है।

याचिका में कहा गया है कि खासकर कथित वोट चोरी का पदार्फाश करने के बाद सुरक्षा से जुड़ी आशंका और बढ़ गई है। वकील मिलिंद पवार ने अपनी याचिका में कहा है कि कैसे भाजपा नेता आरएन बिट्टू ने गांधी को आतंकवादी कहा है। एक अन्य भाजपा नेता तरविंदर मारवाह ने भी खुली धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि गांधी को अच्छा व्यवहार करना चाहिए अन्यथा उनका भी अपनी दादी जैसा ही हश्र होगा।

# पुलिस के इकबाल को खत्म करना चाहता है विपक्ष

## हम कानून व्यवस्था को ठीक कर रहे : संसदीय कार्यमंत्री



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में विपक्ष ने प्रदेश में हो रही आपराधिक घटनाओं पर सत्ता पक्ष से सवाल किए जिस पर संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि एफआईआर के 100 दिन में सजा कराने वाला यूपी देश का पहला राज्य बन चुका है। हम प्रदेश की कानून व्यवस्था को ठीक कर रहे हैं। यूपी विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि विपक्ष पुलिस के इकबाल को खत्म करना चाहता है। प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के सारे बंदोबस्त कर रही है। इसका नतीजा है कि कई मामलों में एफआईआर के 100 दिन में सजा कराने वाला यूपी देश का पहला राज्य बन चुका है। हम फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी को सभी 18 मंडलों में स्थापित कर रहे हैं। प्रत्येक जिले को दो फोरेसिंक मोबाइल वैन भी दी गई हैं।

खन्ना सपा सदस्य पंकज मलिक द्वारा प्रदेश में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए कोई कार्ययोजना बनाने के लिए पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि 500 किमी दूर स्थानांतरण करने से सिपाही के परिवार पर बुरा असर पड़ता है। कई जिलों में तो सिपाही लापता तक हैं।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि सपा सदस्य के सवालों का विस्तार से जवाब दिया जा चुका है। सपा के आरके वर्मा द्वारा सिपाहियों की स्थानांतरण और पोस्टिंग नीति को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में खन्ना ने कहा कि सपा सरकार ने कई संस्थाओं को बर्बाद किया था। अब फोर्स को भी बर्बाद करने पर तुले हैं। भाजपा सरकार से ज्यादा पुलिस में भर्ती और पदोन्नति किसी भी दूसरी सरकार ने नहीं की है। हम पुलिस विभाग में अब तक 2.19 लाख भर्तियां कर चुके हैं।

### पत्रकारों का सम्मान करती है सरकार

खन्ना ने विधानसभा में कहा कि सरकार पत्रकारों का पूरा सम्मान करती है। उनकी सुरक्षा को लेकर सजग भी है। कोरोना काल में दिवंगत पत्रकारों के परिजनों को सरकार ने 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई थी। वह सपा सदस्य इंजीनियर सचिन यादव द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। इस दौरान सचिन ने एक पत्रकार की हत्या का प्रकरण उठाए जाने पर उन्होंने जवाब दिया कि इसमें जो हिस्ट्रीशीटर शामिल था, उसका आपकी पार्टी से संबंध है। सपा सरकार में पत्रकारों पर हुए हमलों में भी आपकी पार्टी के लोग शामिल थे। जब सरकार में थे तो एक पत्रकार के गर्दन पर तलवार तक रख दी गई थी।

### मानदेय नहीं बढ़ा तो पत्नी छोड़कर चली गई

विधानसभा में सपा सदस्य समर पाल सिंह ने शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने को लेकर सवाल किया। इसके जवाब में बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। सपा सदस्य ने कहा कि मुझे एक शिक्षामित्र ने बताया कि मानदेय नहीं बढ़ने से उसकी पत्नी छोड़कर चली गई। कल्याण सिंह भी शिक्षक थे, यदि उनके पौत्र मानदेय बढ़ाते हैं तो उनकी आत्मा भी आशीर्वाद देगी।

# यात्रा पर रोक के बाद भी केदारनाथ जाने की जिद पर अड़े यात्री, बैरियर तोड़ा, पुलिस ने खदेड़ा



**देहरादून।** सोनप्रयाग में यात्रियों की भीड़ जुट गई थी। यात्री केदारनाथ जाने की जिद पर अड़े रहे, जिन्हें रोकने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। मौसम विभाग के भारी से भारी बारिश के पूर्वानुमान के चलते केदारनाथ यात्रा को तीन दिन के लिए रोका गया है। पुलिस द्वारा बाजार में बैरियर लगाया गया है। साथ ही सोनप्रयाग से गौरीकुंड के लिए शटल सेवा भी प्रतिबंधित की गई है। इसके बाद भी यात्री सोनप्रयाग पहुंच रहे हैं। बुधवार को केदारनाथ जाने की जिद कर रहे यात्रियों को रोकने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान यात्रियों और पुलिस जवानों के बीच काफी कहासुनी भी हुई। बुधवार को सुबह से ही सोनप्रयाग में यात्रियों की भीड़ जुट गई थी। 11 बजे तक यहां करीब 500 से अधिक यात्री बाजार में एकत्रित हो गये थे, जो एक स्वर में केदारनाथ जाने की बात कह रहे थे। इस दौरान पुलिस द्वारा बाजार में बैरियर लगाकर यात्रियों को रोका गया था और उन्हें बार-बार समझाया जा रहा कि मौसम विभाग के भारी से भारी बारिश के पूर्वानुमान के चलते केदारनाथ यात्रा को तीन दिन के लिए स्थगित किया गया है। इसलिये सभी यात्री सुरक्षित स्थानों पर रहें। लेकिन, कई यात्री पुलिस की बात सुनने को तैयार नहीं थे। स्थिति यह रही कि कुछ ने बैरियर तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिस पर पुलिस जवानों को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस उपाधीक्षक विकास पुंडीर ने बताया कि तीन दिन तक भारी से भारी बारिश के अलर्ट को ध्यान में रखते हुए यात्रियों को जगह-जगह पर रोका जा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए उन्हें मौसम सामान्य होने तक सुरक्षित स्थानों पर रहने को कहा जा रहा है, बावजूद कुछ लोग जबरन आगे जाने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें रोका गया है। बताया कि सोनप्रयाग से शटल सेवा भी बंद की गई है। इस दौरान तीन वाहन संचालकों का चालान भी किया गया है।

## कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर महिला का बनाया अश्लील वीडियो, फिर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार



**सिरसा।** महिला की अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करते हुए दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सोहन लाल निवासी गांव रामपुरा ढिल्लो जिला सिरसा का रहने वाला है। चौपटा थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि क्षेत्र की एक महिला ने 21 जुलाई 2025 को आत्महत्या करने के इरादे से चूहे मारने की दवा खा ली थी। उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया।

महिला की हालत में सुधार होने पर पुलिस ने उसका बयान दर्ज किया। पुलिस को दिए बयान में महिला ने बताया कि सोहन लाल का उसके घर पर आना-जाना था। डेढ़ साल पहले सोहन लाल ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा मिलाकर दे दी। इसके बाद सोहन लाल ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली। बाद में उसने वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सोहन लाल उसे ब्लैकमेल कर 3.50 लाख रुपये, सोने-चांदी के आभूषण व एक मोबाइल फोन ले चुका है। हाल ही में आरोपी ने गाड़ी खरीदने के लिए उससे 3.50 लाख रुपये की मांग की और धमकियां दीं। मानसिक रूप से परेशान होकर उसने चूहे मारने की दवा खा ली, जिसके बाद परिजनों ने उसे अस्पताल में दाखिल करवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी सोहन लाल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

बुधवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। आरोपी सोहन लाल ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध कबूल कर बताया कि उसने हड़पे गए रुपये, सोने-चांदी के जेवर व मोबाइल फोन अपनी बुआ रोशनी देवी के घर छिपाकर रखा है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 14 अगस्त -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित









# फ्लॉवर बगिया के रिटर्न बागी रहे एक्शन अदावत के लिए तैयार

## संगठन ने दिये हैं संकेत, अनुशासन प्राथमिकता और मनमानी नहीं होगी स्वीकार





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव से पहले भाजपा अपनी तैयारियों को पूरी तरह अपडेट कर रही है। उसने मंडल से लेकर बूथ तक कार्यकताओं की एक पूरी फौज तैयार की है। उसने संगठन को रिसफल किया है और वो अलग-अलग आयामों के जरिये अपनी तैयारियों को धार दे रही है। वो तिरंगा यात्रा निकाल रही है, वो जनता के बीच मुद्दों को लेकर जा रहे हैंऔर अब इन सबके बीच खबर ये है कि भाजपा अब अपने घर के बिगड़े माहौल को भी ठीक करेगी। भाजपा ने कभी मिस्ड कॉल सदस्यता अभियान के जरिये कुनबा एक्सटेंशन अभियान चलाया था। ये वो दौर था जब सुनील बंसल प्रदेश संगठन महामंत्री थे। मिस्ड कॉल के जरिये सक्रिय सदस्य बनाए गए और भाजपा पूरी तरह से सत्ता में आ गई। इसके बाद वर्ष 2022 में निगम चुनाव आए, विधानसभा चुनाव आए। निगम चुनाव में कई भाजपा नेताओं ने टिकट ना मिलने पर नाराज होकर बागी होकर चुनाव लड़ा।

जाहिर है ये चेहरे भाजपा को हराने के लिये लड़े और इनका एक मात्र उद्देश्य अपने वार्ड में भाजपा को हराना था, लेकिन उसके बाद भी कमल का फूल खिला और बागियों में से कुछ बागी चुनाव जीते लेकिन अधिकांश को हार का मुंह देखना पड़ा। फिर निगम चुनाव के बाद भाजपा ने अपने बागियों की सुध ली। तर्क ये दिया गया कि भले ही टिकट ना मिलने पर वो बागी हो गए, लेकिन वो अन्य किसी दल में जाने के लिये राजी नहीं हुए। टिकट मिलना ना मिलना अलग बात है, लेकिन वो अन्य किसी दल के निकट नहीं हुए और फिर लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने ये तय किया कि जो भी बागी भाजपा छोड़कर चुनाव लड़े हैं, भले ही वो हारें हैं या जीते हैं, लेकिन उन सबको पार्टी में वापस लिया जाएगा और भाजपा की मुख्य विचारधारा में शामिल किया जाएगा।

नदिया पार से लेकर इस पार तक कई ऐसे चेहरे थे जिन्हें स्थानीय संगठन की सहमति ना होने के बाद भी प्रदेश हाईकमान से हरी झंडी मिलने के बाद भाजपा में वापस लिया गया। ये बागी भाजपा में लौट आए और भाजपा ने भी सारी तकरार को परिवार का मामला बताते हुए माफ किया। सूत्र बताते हैं कि संगठन ने तो भगवा बागियों को वापस ले लिया, लेकिन सरकार वालों के बीच तकरार वाला सीन बना ही रहा। कई ऐसे मौके आए हैं जब इन बागियों ने निजी नाराजगी को प्राथमिकता दी और पार्टी हित को साइड में रख दिया। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश संगठन तक ये सारे मामले पहुंचे हैं। एक बड़े जनप्रतिनिधि ने बागियों की वापसी में बड़ी भूमिका निभाई थी। अब बागियों को लेकर फिर से समीक्षा वाला सीन बन रहा है।

कई ऐसे पार्षद हैं जो बागी के रूप में जीते और फिर भाजपाई हुए। कई ऐसे पदाधिकारी हैं जो बागी बने और निष्कासित तक हुए, लेकिन फिर वापस आ गए। सूत्र बता रहे हैं कि कई रिटर्न बागी भाजपा अनुशासनहीनता वाले रडार पर आ गए। इनमें निगम से जुड़े कुछ चेहरे भी शामिल हैं। इनमें संगठन में पूर्व में रहे कुछ पदाधिकारी भी शामिल हैं। बताया जाता है कि एक्शन वाला सीन हो सकता है। सूत्र बताते हैं कि लगातार अनुशासनहीनता कर रहे बागियों का पूरा रिकॉर्ड तैयार कर लिया गया है और इसके इफेक्ट दिखाई देंगे।

# पुलिस लाइन से पुलिस ऑफिस तक निकाली गई पुलिस कमिश्नरेट की तिरंगा यात्रा

## एडिशनल सीपी, एडीसीपी ट्रैफिक और एसीपी कवि नगर रहे मौजूद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। पुलिस द्वारा नागरिकों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के मकसद से यह भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसकी शुरूआत पुलिस लाइन से हुई और यह हापुड़ चुंगी होते हुए पुलिस आयुक्त कार्यालय जाकर समाप्त हुई। इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट के कई वरिष्ठ अधिकारी भी इस तिरंगा यात्रा में शामिल होते हुए नजर आए। तिरंगा यात्रा में शामिल पुलिस के अधिकारियों द्वारा यातायात नियमों का पालन किया गया। बाइक चलाने वाले अधिकारी हैलमेट पहने नजर आए।



### अधिकारियों ने हाथों में लहराया तिरंगा

करंट क्राइम : स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तो इसमें शामिल अधिकारियों ने हाथों में तिरंगे लहराया और देशभक्ति का संदेश दिया। इसके साथ ही पुलिस मॉडल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी तिरंगा यात्रा में भाग लेते हुए देशभक्ति नारे लगाने के साथ एकता भाईचारा और राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद, एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा, थाना प्रभारी कवि नगर अनुराग शर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# महिला मोर्चा ने रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा से निकाली तिरंगा यात्रा

## महापौर सुनीता दयाल ने किया यात्रा का शुभारंभ





### महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में 700 फीट तिरंगा यात्रा निकली

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत देश के सभी शहरों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसके क्रम में आज महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में महिला मोर्चा द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें महापौर सुनीता दयाल ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा निकाली और यह यात्रा रेलवे रोड रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा से घंटाघर भगत सिंह की प्रतिमा पर समापन की।

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आान पर हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम किया जा रहा है और सभी लोग बहुत इस कार्य मे भरपूर सहयोग कर रहे हैं। महिला मोर्चा द्वारा बहुत हर्ष उल्लास से यात्रा को सफल बनाया गया है और नाच गाने के साथ 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाने का एक प्रयास भी किया गया है। महापौर ने बताया कि सभी महिलाओं में उत्साह की लहर है जिसको देखकर शहर के लोग भी उत्साहित है और यह देश का उत्साह है सभी स्थानों पर इसी प्रकार तिरंगा यात्रा एवं कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है।

# व्यापार मंडलों में चल रहा क्या इंटरनल विवाद

## किस व्यापारी नेता ने कर दी दूसरे व्यापारी नेता की शिकायत



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** व्यापार मंडल की राजनीति में अब सही राजनीति का प्रवेश हो गया है। जिन व्यापारी नेताओं को अपने ही व्यापारियों को शोषण से बचाना है। वो व्यापारी नेता एक दूसरे की शिकायत पर उतर आये है। मामला हाल ही में हुई एक कार्यवाही से जुड़ा है। बताते हैं कि एक व्यापारी नेता ने दूसरे व्यापारी नेता के प्रतिष्ठान की शिकायत कर दी। व्यापारियों के बीच ये बात चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि जिन व्यापारी नेता की शिकायत की गई उनके प्रतिष्ठान पर सबकुछ ठीक पाया गया। लेकिन व्यापारियों का मानना है कि शिकायत करने वाली बात ठीक नहीं थी। यदि आपस में एक दूसरे की शिकायतें की जायेंगी तो फिर व्यापारी एकता का मतलब क्या रह गया। मामला दो मंडी के पदाधिकारियों के बीच जुड़ा बताया जाता है। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही साहिबाबाद मंडी में भी एक घटना ने हिंसक रूप से लिया था और अब यह घटना शहर की बताई जाती है। सूत्र बता रहे हैं कि पहले यह चलन नहीं था लेकिन अब व्यापारी नेता ही व्यापारी नेता की शिकायत कर रहे हैं और ये सीन आने वाले समय में व्यापारियों की एकता को कमजोर करेगा। फिलहाल मामला शहर के बाजारों में गूंज रहा है।

# जन्माष्टमी पर इस्कॉन मंदिर में रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

## डीसीपी और एसीपी ने बनाया प्लान



### - ड्रोन से होगी निगरानी और यूपी-112 की होगी तैनाती

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर राजनगर स्थित इस्कॉन मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु लड्डू गोपाल का जलाभिषेक, दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में यहां पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाते हैं। इस्कॉन मंदिर के आसपास वाहनों की पार्किंग के लिए राजनगर सेक्टर-10 के रामलीला मैदान और मुख्य मार्ग को चिन्हित किया गया है। तो वहीं सुरक्षा के लिए यहां ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही पांच क्विक रिएक्शन टीम की तैनाती की गई है। वहीं सादे कपड़ों में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। साथ ही यूपी-112 के वाहन लगाए जाएंगे। अगर किसी आपात स्थिति की आवश्यकता पड़ी तो रिजर्व में तैनात पीएसी को भी इस्तेमाल किया जाएगा। एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा और डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने यहां सुरक्षा का प्लान बना लिया है। तो वहीं मंदिर समिति के पदाधिकारियों से भी बातचीत की गई है।



### महिला और पुरुष करेंगे अलग-अलग प्रवेश, मेटल डिटेक्टर से होगी एंट्री



करंट क्राइम : राजनगर स्थित इस्कॉन टेंपल में जो भी श्रद्धालु प्रवेश करेगा, उसे मेटल डिटेक्टर से होकर गुजरना पड़ेगा। इसके साथ ही यहां बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। महिला उप निरीक्षकों और यहां क्विक रिएक्शन टीम भी लगाई जाएगी ताकि किसी भी स्थिति से निपटा जा सके। श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो, इसके लिए महिला और पुरुष की अलग-अलग लाइन रहेगी। यहां सीसीटीवी से निगरानी रखने के साथ ही 200 से अधिक पुलिस कर्मियों को ट्रैफिक से लेकर सुरक्षा की जिम्मेदारी में तैनात किया गया है।

### वीआईपी मूवमेंट का भी रखा जाएगा ध्यान

करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने जानकारी दी है कि इस्कॉन टेंपल पर वीवीआईपी मूवमेंट का भी ध्यान रखा गया है। ऐसे में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ भी एक्स्ट्रा रूट का भी निरीक्षण किया गया है। बता दें की इस्कॉन मंदिर में शहर के प्रमुख जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य लोग इस्कॉन मंदिर में लड्डू गोपाल के दर्शन करने, जलाभिषेक करने 56 भोग का प्रसाद चढ़ाने से लेकर आशीर्वाद लेने के लिए जन्माष्टमी में देर रात तक पहुंचाते हैं। ऐसे में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने की जानकारी दी गई है।

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने किया स्व. सुरेंद्र प्रकाश गोयल को नमन

## एक ऐसे जनप्रतिनिधि जो हमेशा जनता के लिए उपलब्ध रहे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद से सांसद रहे स्व० परम आदरणीय सुरेन्द्र प्रकाश गोयल गाजियाबाद के राजनैतिक इतिहास में वो पहले एक इंसान हैं जो गाजिाबाद नगर पालिका सदस्य, चेयरमैन नगरपालिका, सदस्य विधान सभा और फिर सदस्य लोकसभा चुने गये। आज उनकी पुण्य तिथि हैं। मेरा उनके बहुत निकट का संबंध रहा हैं जिसके कारण उनको करीब से जानने का मौका मिलता रहा हैं। सुरेन्द्र प्रकाश गोयल को एक जमीन से जुडा हुआ व्यक्ति कहा जाये तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। उनके पास कोई भी व्यक्ति अपने किसी भी काम के लिए जाता था तो मना करना तो उनकी आदत में ही नहीं था कि यह काम नहीं हो सकता और अपनी तरफ से वह कार्य को कराने का पूरा प्रयास करते थे। आगे उस आदमी का भाग्य की उसका कार्य होगा अथवा नहीं। लेकिन सुरेन्द्र प्रकाश गोयल के प्रयास में कोई कमी नहीं रहती। वह गरीब आदमियों को रोजगार देने के लिए भी प्रयासरत रहते थे ताकि गरीब आदमी अपना रोजगार चला सके उन्होंने नगर पालिका की आमदनी को भी बढाया। अधिकारियों के कहने से वो उस काम से दूर रहते थे जिससे आम जनता पर किसी प्रकार का अतिरिक्त बोझ पडे। छोटे बजट में भी चेयरमैन रहते हुए उन्होनें गाजियाबाद का चहुमुखी विकास किया। ऐसे कर्मठ और सामाजिक व्यक्ति को उनकी पुण्य तिथि पर मैं सादर नमन करता हूँ।

**गााजियाबाद के राजनैतिक इतिहास में सुरेन्द्र प्रकाश गोयल पहले एक इंसान हैं जो गाजिाबाद नगर पालिका सदस्य, चेयरमैन नगरपालिका, सदस्य विधान सभा और फिर सदस्य लोकसभा चुने गये।**





## संपादकीय

# तर्क के परे

दिल्ली में आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का हालिया आदेश नियमों के खिलाफ होने के साथ–साथ तर्क की कसौटी पर भी खरा नहीं उतरता। आवारा कुत्तों को लेकर शीर्ष अदालत की चिंता जायज है, लेकिन जो आदेश दिया गया है, वह समस्या का समाधान नहीं हो सकता। नियम के खिलाफ जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच की समस्या पर स्वत संज्ञान लेकर मामले की सुनवाई की। इसमें सबसे अहम बात है कोर्ट का यह कहना कि फिलहाल नियमों को भूल जाइए। लेकिन, क्या ऐसा हो सकता है, और क्या अदालतें नियमों के परे जा सकती हैं? जिस नियम को भूलने की बात कही गई, यह रूल कहता है नसबंदी कर और रैबीज का इंजेक्शन लगाकर फिर उसी जगह छोड़ा जाना चाहिए, जहां से उन्हें पकड़ा गया है। पशु क्रूरता सुप्रीम कोर्ट ने इससे अलग जाकर कहा कि आवारा कुत्ते को पकड़कर शेल्टर होम में रखा जाए। इसका मतलब हुआ उन्हें उनके मूल स्थान से हमेशा के लिए हटा देना। यह पशुओं के प्रति क्रूरता तो है ही, बेहद अव्यावहारिक भी है। केवल दिल्ली–एनसीआर में ही लाखों आवारा कुत्ते हैं, जिनकी सही गिनती तक आज किसी को नहीं पता। इन्हें किस तरह पकड़ा और एक जगह रखा जाएगा – इसके लिए संसाधन कहां से आएंगे? आवारा कुत्ते अपना इलाका चिन्हित करके रखते हैं। अगर उन्हें नई जगह रखा गया, तो वे ज्यादा आक्रामक हो सकते हैं।

लापरवाह रवैया आवारा कुत्ते की समस्या एकाएक नहीं आ गई और न ही यह केवल दिल्ली–एनसीआर तक सीमित है। तमाम सुविधाओं, जागरूकता अभियानों के बावजूद भारत में हर साल रैबीज से लगभग 5,700 लोगों की मौत हो जाती है। सरकार ने 2030 तक इस आंकड़े को शून्य करने का लक्ष्य रखा है। लेकिन, इसे पाने में सबसे बड़ी बाधा है जमीनी स्तर पर काम करने वाली एजेंसियों का लापरवाह रवैया। अगर आवारा कुत्ते की नसबंदी की जा रही होती, तो मुसीबत इस हद तक बढ़ती ही नहीं। यह भी एक फैक्ट है कि इन एजेंसियों के पास पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं।

संतुलन की जरूरत भारत में आवारा कुत्ते का मसला सार्वजनिक सुरक्षा और पशु कल्याण के बीच संतुलन बनाने से जुड़ा है। एक वर्ग है, जिसे इन जानवरों से परेशानी हो सकती है, लेकिन दूसरा वर्ग भी मौजूद है, जो इनकी केयर करता है और इन्हें खाना खिलाता है। किसी भी समाधान में इन दोनों नजरियों का खयाल रखना होगा। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट से भी ज्यादा तार्किक आदेश की उम्मीद यह देश करता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पृथ्वी आकार में पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।
- आकार और बनावट में पृथ्वी शुक्र की तरह है।
- पृथ्वी सौरमण्डल का एकमात्र ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन है।
- पृथ्वी अपने अक्ष पर घूर्णन करती है जिससे पृथ्वी पर दिन और रात बनते है।
- पृथ्वी अपने अक्ष पर कुछ झुकी हुई है जिसकी वजह से ऋतु परिवर्तन होता है।
- पृथ्वी की 3 परतें हैं।
- पृथ्वी तक सूर्य प्रकाश का पहुंचने में 8 मिनट 18 सेकण्ड का समय लेता है।
- पृथ्वी का समुद्र तल से अधिकतम ऊँचा उठा हुआ भाग 15000 मीटर तक हो सकता है इससे अधिक नहीं। इसकी वजह पृथ्वी की गुरूत्वाकर्षण शक्ति है।
- पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह चन्द्रमा है,जो कभी इसी का ही भाग था।
- आज से 450 करोड़ साल पहले, सूर्य मंडल में मंगल के आकार का एक ग्रह था जो कि पृथ्वी के साथ एक ही ग्रहपथ पर सूर्य की परिक्रमा करता था। मगर यह ग्रह किसी कारण धरती से टकराया और एक तो धरती मुड़ गई और दूसरा इस टक्कर के फलस्वरूप जो पृथ्वी का हिस्सा अलग हुआ उससे चाँद बन गया।

## राशिफल

**मेष:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष:** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद–फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क:** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह:** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या:** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला:** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक:** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु:** प्रेम–प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर:** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ:** आशंका–कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा–पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार–व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# एसबीआई ने आईएमपीएस पर लगने वाले शुल्कों में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक ने खुदरा ग्राहकों के लिए तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) पर लगने वाले लेनदेन शुल्क बढ़ाने का एलान किया है। यह बदलाव 15 अगस्त, 2025 से लागू होगा। बैंक के अनुसार ऑनलाइन और शाखाओ पर यह वृद्धि अलग-अलग तरीके से लागू होगी। बैंक के अनुसार स्लैब में नए शुल्क लागू होंगे जबकि अन्य में बदलाव नहीं होगा। किन एसबीआई ग्राहकों को आईएमपीएस लेन-देन के लिए देना होगा शुल्क ऑनलाइन आईएमपीएस लेनदेन के मामलों में, 25,000 रुपये से अधिक और 1,00,000 रुपये तक की राशि पर 2 रुपये और जीएसटी, 1,00,000 रुपये से अधिक और 2,00,000 रुपये तक की राशि पर 6 रुपये और जीएसटी और 2,00,000 रुपये से अधिक और 5,00,000 रुपये तक की राशि पर 10 रुपये और जीएसटी देय होगा। पहले ये लेनदेन निःशुल्क थे।



एसबीआई शाखाओं पर आईएमपीएस लेनदेन के लिए क्या शुल्क एसबीआई ने बैंक शाखाओं पर जाकर आईएमपीएस लेनदेन से जुड़े सेवा शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया है। सबसे कम देनदेन के मामले में शुल्क 2 रुपये और जीएसटी है, जबकि सबसे अधिक शाखा शुल्क 20 रुपये और जीएसटी है। इसके अलावा डीएसपी (रक्षा वेतन पैकेज), पीएमएसपी (अर्धसैनिक वेतन पैकेज), आईसीजीएसपी (भारतीय तटरक्षक वेतन पैकेज), सीजीएसपी (केंद्र सरकार वेतन पैकेज), पीएसपी (पुलिस वेतन पैकेज), और आरएसपी (रेलवे वेतन पैकेज) के मामलो में आईएमपीएस शुल्क लागू नहीं होंगे। वेतन खातों को भी आईएमपीएस शुल्क के दायरे से बाहर रखा गया है।


### 25,000 रुपये तक आईएमपीएस लेनदेन मुफ्त

बैंक के अनुसार ऑनलाइन यूजर्स के लिए 25,000 रुपये तक के छोटे मूल्य के आईएमपीएस लेनदेन मुफ्त रहेंगे। ऑनलाइन माध्यमों से किए गए 25,000 रुपये से अधिक मूल्य के लेनदेन पर 15 अगस्त, 2025 से मामूली शुल्क लगाया जाएगा। वेतन वाले खाताधारकों को ऑनलाइन आईएमपीएस हस्तांतरण पर पूरी छूट मिलती रहेगी। आईएमपीएस एक नई रीयल टाइल भुगतान सेवा है, जो चौबीसों घंटे उपलब्ध है। यह सेवा भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (ढढउक) की ओर से प्रदान की जाती है। इसके जरिए पांच लाख रुपये तक की लेनदेन की जा सकती है।

## भारत बनेगा दुनिया में सबसे अधिक मांग वाला उपभोक्ता बाजार, मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली।** भारत दुनिया का सबसे अधिक मांग वाला उपभोक्ता बाजार बनने के लिए तैयार है। मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय बाजार एक प्रमुख ऊर्जा परिवर्तन से गुजरेगा, ऋण से जीडीपी अनुपात में वृद्धि देखेगा और विनिर्माण को जीडीपी में बड़ा हिस्सा प्राप्त होगा।

जीडीपी में तेल पर निर्भरता लगातार कम हो रही



भारत की जीडीपी में तेल पर निर्भरता लगातार कम हो रही है, जबकि निर्यात, खासकर सेवाओं का हिस्सा बढ़ रहा है। साथ ही, अगले तीन साल में राजकोषीय एकीकरण के तहत प्राथमिक अधिशेष की संभावना है। इन कारकों से देश में बचत का असंतुलन घटेगा, जिससे संरचनात्मक रूप से वास्तविक ब्याज दरें कम रखने में मदद मिलेगी।

### ब्याज दरों और वृद्धि दर में अस्थिरता कम रहने की संभावना है

रिपोर्ट के अनुसार, आपूर्ति पक्ष और नीतिगत बदलावों, जैसे लचीले मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण, के चलते भारत में मुद्रास्फीति का उतार–चढ़ाव घटा है। इससे आने वाले वर्षों में ब्याज दरों और वृद्धि दर में अस्थिरता कम रहने की संभावना है।

शेयर बाजार में घरेलू निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़ने की संभावना

रिपोर्ट में कहा गया है कि उच्च वृद्धि, कम उतार–चढ़ाव, घटती ब्याज दरें और कम बीटा (जोखिम संवेदनशीलता) मिलकर शेयरों के मूल्य–से–आय अनुपात को बढ़ा सकते हैं। यह स्थिति घरेलू निवेशकों की बैलेंस शीट में इक्विटी की हिस्सेदारी बढ़ाने को प्रोत्साहित करेगी, जो फिलहाल शेयर बाजार में लगातार खरीदारी के रूप में दिखाई दे रही है।

## हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

### सेंसेक्स 304 अंक चढ़ा, निफ्टी 24600 के पार



**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 304.32 अंक उछलकर 80,539.91 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 131.95 अंक की बढ़त के साथ 24,619.35 पर बंद हुआ। अमेरिका में मुद्रास्फीति के स्थिर आंकड़ों से वैश्विक बाजारों में तेजी देखने को मिली। इस बीच धातु, वाहन और फार्मा शेयरों में लगातार खरीदारी से बुधवार को शेयर बाजारों में तेजी लौटी और सेंसेक्स 304 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 8 वर्ष के निम्नतम स्तर 1.55 प्रतिशत पर आ गई। इससे घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 304.32 अंक या 0.38 प्रतिशत उछलकर 80,539.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 448.15 अंक या 0.55 प्रतिशत बढ़कर 80,683.74 अंक पर पहुंच गया। इसके 26 शेयरों में तेजी रही। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 131.95 अंक या 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,619.35 पर आ गया।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इटर्नल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा मोटर्स और पावर ग्रिड लाभ में रहीं। वहीं अडानी पोर्ट्स, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाइटन पिछड़ने वालों में शामिल रहे।

### सीपीआई के आंकड़ों ने बाजार पर डाला असर

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार में व्यापक आशावाद देखा गया क्योंकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आठ साल के निचले स्तर पर पहुंच गया। इससे ऑटो और धातु क्षेत्र की अगुवाई में विवेकाधीन खर्च में सुधार की उम्मीदें बढ़ीं। वैश्विक स्तर पर, चीन द्वारा टैरिफ की समय–सीमा बढ़ाए जाने और तेल की कीमतों में नरमी से धारणा में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि ट्रंप के व्यापार रुख और वैश्विक जोखिमों को लेकर अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत की विकास–मुद्रास्फीति की गतिशीलता वित्त वर्ष 2026 के लिए अनुकूल बनी हुई है। इसमें टैरिफ अपडेट के आधार पर मामूली गिरावट का जोखिम है। भारत 15 अगस्त को होने वाली ट्रंप–पुतिन बैठक का इंतजार कर रहा है।

## चुटकुले

एक दिन पप्पू जूस वाले की दुकान पर गया...!
पप्पू – जल्दी से जूस पिला दो, लड़ाई होने वाली है...!
एक गिलास जूस पीने के बाद पप्पू –
एक और पिला दो, लड़ाई होने वाली है...!
जूस वाले ने पांच–सात गिलास जूस पिला दिया
और पूछा – भाई ये बताओ लड़ाई
कब होने वाली है...?
पप्पू – जब तू पैसे मांगेगा...!

पड़ोसी – यार, तेरे घर से रोज हंसी
की आवाज आती है...!
इस खुशहाल जिंदगी का क्या राज है...?
आदमी – मेरी बीवी मुझे जूतों से मारती है, लग जाए
तो वो हंसती है और ना लगे तो मैं हंसता हूं...!

दोस्त – भाई तू कल बड़ा दुखी था...!
पप्पू – हां यार, कल बीवी 25,000 की
साड़ी ले आई...!
दोस्त – फिर आज खुश क्यों हो...?
पप्पू – आज वो तेरी बीवी को दिखाने गई है...!

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# भारत की आईस क्वीन्स की कहानी



**लद्दाख।** महिला आइस हॉकी, एक ऐसा खेल जिसमें किसी ने नहीं सोचा था कि भारतीय महिलाएं हिस्सा लेंगी और उसमें भी जीत हासिल करेंगी, लेकिन उसी खेल में भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया है। आईआईएचएफ एशिया कप में कांस्य पदक जीतकर उन्होंने न केवल समाज की सोच को चुनौती दी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा की मिसाल बन गईं।

डिस्किट सी अंगमो के लिए आइस हॉकी की शुरूआत अपने भाई को खेलते हुए देखने से हुई थी। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता था कि लड़कियां भी हॉकी खेल सकती हैं।' यही जिज्ञासा एक क्रांति की शुरूआत बनी, एक ऐसी क्रांति, जिसमें लद्दाख की लड़कियों ने गहराई से जड़े लैंगिक पूर्वाग्रहों को चुनौती दी। अब उनकी कहानी को पॉकेट एफएम ने ऑडियो फिल्म 'साउंड ऑफ करेज' के रूप में दुनिया के सामने लाया है। टीम की कप्तान त्सेवन चुस्कित याद करती हैं कि कैसे उन्हें इस खेल के लिए ताने सुनने पड़ते थे, लेकिन ये बातें उन्हें रोक नहीं पाईं, बल्कि उन्होंने ठान लिया कि दुनिया को गलत साबित करना ही अब उनकी प्राथमिकता है। सिर्फ दर्शकों से ही नहीं, उन्हें अपने ही समाज से भी टकराना पड़ा। सहायक कोच अली अमीर कहते हैं, 'लोग कहते थे- लड़की है, क्या खेलेगी? शादी करके चली जाएगी, लेकिन वही लड़कियां आज देश का नाम रोशन कर रही हैं। जब राष्ट्रगान बजा और तिरंगा ऊपर गया, वैसा गर्व मैंने पहले कभी महसूस नहीं किया। जो मैं खिलाड़ी बनकर नहीं कर पाया, बेटियों ने मुझे कोच बनने के बाद वो गर्व करने का मौका दिया।

रिनचेन डोलमा की कहानी आज एक मिसाल बन गई है। सिर्फ पांच महीने पहले मां बनीं रिनचेन को कहा गया, 'अब तो तू मां बन गई, घर जा।' लेकिन उन्होंने बर्फ पर कदम रखा, गोल किया और मिसाल पेश की। ये कहानियां अब सिर्फ लद्दाख की नहीं, पूरे भारत की प्रेरणा बन गई हैं।

## पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द, सुप्रीम कोर्ट ने एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के एक मामले में पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी है। कोर्ट ने उन्हें एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार पर पहलवान सागर धनकड़ की हत्या का मामला दर्ज किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्हें जमानत दे दी थी। पहलवान सुशील कुमार मामले में शिकायतकर्ता की वकील जोशीनी तुली ने कहा, 'आज सुशील कुमार को दी गई जमानत एक त्रुटिपूर्ण आदेश होने के कारण रद्द कर दी गई। इसीलिए पीड़ितों के पिता अशोक धनखड़ की अपील पर उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया गया है। हमने उस आदेश को इस आधार पर चुनौती दी थी कि वह एक त्रुटिपूर्ण आदेश था। यह कानूनन सही नहीं था, क्योंकि सुशील कुमार ने जब भी अंतरिम जमानत ली थी, तब गवाहों से छेड़छाड़ की थी। मुख्य गवाह ने मामले का समर्थन किया था। घटना का वीडियो फुटेज भी मौजूद था, इसलिए आज यह अपील स्वीकार कर ली गई। सुशील कुमार जब भी अंतरिम जमानत पर बाहर आए, उन्होंने घायल गवाहों सहित सभी सरकारी गवाहों से छेड़छाड़ की। इसीलिए वे सभी निचली अदालत के समक्ष अपने बयानों से मुकर गए। मुकदमा अभी भी चल रहा है। निचली अदालत में कई सरकारी गवाहों से पूछताछ होनी बाकी है।' सुशील कुमार पर संपत्ति विवाद में 4 मई, 2021 को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में जूनियर पहलवान सागर धनखड़ और उनके दोस्तों पर जानलेवा हमला करने का आरोप है।

# जेडन सील्स ने तोड़ा डेल स्टेन का 12 साल पुराना रिकॉर्ड
# विकेटों का छक्का लगाकर दिलाई विंडीज को जीत




**वेस्टइंडीज।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने मंगलवार को घातक गेंदबाजी की और टीम को तीसरे वनडे में पाकिस्तान पर जीत दिलाई। टैरोबा में खेले गए इस मुकाबले में जेडन ने कुल छह विकेट हासिल किए और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। बता दें कि, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने छह विकेट पर 294 रन बनाए थे। जवाब में पाकिस्तान की टीम 92 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। वेस्टइंडीज ने यह सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

### जेडन सील्स ने तोड़ा स्टेन का रिकॉर्ड

इस मुकाबले में जेडन सील्स ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने 2.45 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 7.2 ओवर में सिर्फ 18 रन खर्च किए और छह विकेट चटकाए। पाकिस्तान के खिलाफ यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसी के साथ सील्स ने डेल स्टेन के 12 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दरअसल, स्टेन ने 2013 में केबेरहा में नौ ओवर में 39 रन देकर छह विकेट झटके थे। अब सील्स ने यह कारनामा 7.2 ओवर में ही कर दिखाया। उन्होंने पाकिस्तान के सईम अयूब, अब्दुल्लाह शफीक, मोहम्मद रिजवान, बाबर आजम, नसीम शाह और हसन अली को अपना शिकार बनाया।

वेस्टइंडीज की टीम ने 34 साल के लंबे इंतजार के बाद पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज जीती और यह नतीजा उनकी सुनहरी यादों में शामिल हो गया।

मुश्किल पिच पर बल्लेबाजी करते हुए टीम ने शुरूआती 20 ओवर में तीन रन प्रति ओवर से भी धीमी गति से रन बनाए, लेकिन कप्तान शाई होप ने धैर्य और आक्रामकता का शानदार मेल दिखाते हुए शतक जड़ा। रोस्टन चेज और जस्टिन ग्रीव्स ने अहम साझेदारियां निभाईं और टीम का स्कोर 50 ओवर में 294 तक पहुंचाया। इसके बाद गेंदबाज जेडन सील्स ने अपनी धारदार गेंदबाजी से पाकिस्तान की कमर तोड़ दी। पाकिस्तान, जो अपने अनुभवी वनडे स्क्वॉड के लिए जाना जाता है।

इस हार को पचाना मुश्किल पाएगा। दोनों टीमें अपने अप्रत्याशित खेल के लिए मशहूर हैं, लेकिन इस बार मेजबानों ने बाजी मार ली। त्रिनिदाद में 294 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 29.2 ओवर में 92 रन पर सिमट गई।

# स्वतंत्रता दिवस के मौके पर निकाली गई बाइक रैली



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गाजियाबाद में बुधवार को बाइक रैली निकाली गई। घंटाघर रामलीला मैदान से निकली बाइक रैली को सांसद अतुल गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर एडिशनल कमिश्नर और सीडीओ भी उपस्थित थे। बाइक रैली में बडी संख्या में युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रशासन की ओर से 8 अगस्त से 15 अगस्त तक कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत बुधवार को बाइक रैली का आयोजन किया गया। रामलीला मैदान घंटाघर से शुरू होकर यह बाइक रैली विभिन्न इलाकों को होते हुए वापस घंटाघर पर समापन होगी।

# संन्यास की अटकलों के बीच रोहित ने लगाई वनडे रैंकिंग में छलांग, शीर्ष-दो में गिल और हिटमैन



**मुंबई।** भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा पुरुषों की वनडे आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की तरफ से जारी की गई नई रैंकिंग में हिटमैन ने एक स्थान की छलांग लगाई और दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया। दरअसल, बाबर हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए थे। इसके फलस्वरूप वह तीसरे स्थान पर खिसक गए।

आईसीसी की ताजा वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शुभमन गिल की बादशाहत पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। वह पहले स्थान पर काबिज हैं। वहीं, रोहित के 756 रेटिंग अंक हो गए हैं। शीर्ष पांच में गिल और रोहित के अलावा तीसरे भारतीय विराट कोहली हैं, जो चौथे पायदान पर हैं। उनके 736 रेटिंग अंक हैं। उल्लेखनीय है कि, भारतीय टीम अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी।

आईसीसी की तरफ से जारी की गई पुरुषों की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 15 में भारत के पांच खिलाड़ी शामिल हैं। श्रेयस अय्यर आठवें स्थान पर हैं, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल 15वें स्थान पर हैं। रोहित और कोहली को आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में वनडे प्रारूप में खेलते देखा गया था। इसके बाद दोनों ने आईपीएल 2025 के बीच में ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। दोनों के अगस्त में मैदान पर वापसी की उम्मीद थी लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ इसी महीने होने वाली द्विपक्षीय सीरीज अगले साल तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

अब रोहित और कोहली ने अभ्यास शुरू कर दिया है।

# गुलवीर ने तोड़ा अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड; भारत की 'आइस क्वीन्स' ने परिभाषित की असली हिम्मत



**नई दिल्ली।** गुलवीर ने मंगलवार को सात मिनट 34.49 सेकंड का समय लेकर इस वर्ष फरवरी में बोस्टन विश्वविद्यालय डेविड हेमरी वैलेंटाइन आमंत्रण प्रतियोगिता में बनाए गए अपने ही पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 7.38.26 सेकंड में सुधार किया। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी यूरोप में अपनी पहली ट्रैक रेस में भाग ले रहा था। यह विश्व एथलेटिक्स की कॉन्टिनेंटल टूर स्वर्ण स्तर की प्रतियोगिता है। कीनिया के किपसांग मैथ्यू किपचुम्बा ने 7:33.23 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। मैक्सिको के एडुआर्डो हेरेरा (7:33.58), युगांडा के ऑस्कर चेलिमो (7:33.93) और उरुग्वे के वैलेन्टिन सोका (7:34.28) क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। गुलवीर ने पुरुषों की 5000 मीटर (12:59.77) और 10,000 मीटर (27:00.22) में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। वह 5000 मीटर और 10,000 मीटर दौड़ में मौजूदा एशियाई चैंपियन भी हैं। उन्होंने मई में महाद्वीपीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। वह 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं।


## रैपिड एंड ब्लिट्ज टूनार्मेंट में गुकेश संयुक्त पांचवें स्थान पर, कारुआना ने बढ़त हासिल की



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश के लिए ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सेंट लुई रैपिड एंड ब्लिट्ज टूनार्मेंट का दूसरा दिन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्हें एक बाजी में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजियां उन्होंने ड्रॉ खेली जिससे वह 10 खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे इस टूनार्मेंट में छह अंकों के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गए।

गुकेश ने चौथे दौर में अमेरिका के अंतिम स्थान पर काबिज सैम शंकलैंड के हाथों मिली करारी हार के बाद फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ अगले दो मुकाबले ड्रॉ खेले। इस बीच अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन को दिन की आखिरी बाजी में हराकर दो अंकों की बढ़त ले ली। गुकेश की तरह अरोनियन भी केवल दो बाजी ड्रॉ करा पाए और एक हार गए। रैपिड में अब जबकि केवल तीन दौर का खेल बचा हुआ है तब कारुआना संभावित 12 में से 10 अंक लेकर इस वर्ग में जीत की स्थिति में दिख रहे हैं। अरोनियन अभी भी आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं और अमेरिका के ही वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। वाचियर-लाग्रेव सात अंकों के साथ चौथे, जबकि गुकेश एक और अमेरिकी खिलाड़ी लीनियर डोमिन्गुएज पेरेज के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और वियतनाम के लिएम ले क्वांग पांच अंकों के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं। अमेरिका के ग्रिगोरी ओपरिन उनसे दो अंक पीछे हैं। सैम शैंकलैंड ने गुकेश को हराकर दो अंक हासिल किए लेकिन वह अंतिम स्थान पर बने हुए हैं।

## इतालवी स्टार गोलकीपर डोनारुम्मा ने पीएसजी से नाता तोड़ा, सुपर कप मैच से बाहर किए जाने से हैं नाराज



**पार्क डेस प्रिंसेस।** स्टार गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने बुधवार को टॉटेनहम के खिलाफ होने वाले यूईएफए सुपर कप फाइनल के लिए पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की टीम से बाहर किए जाने के कुछ ही घंटों बाद एक संदेश पोस्ट कर कहा कि वह क्लब छोड़ रहे हैं।

पीएसजी ने मंगलवार को जब मैच के लिए अपनी टीम की घोषणा की तो हाल में टीम से जुड़ने वाले गोलकीपर लुकास शेवेलियर को बैकअप गोलकीपर मतवेई सफोनोव और रेनाटो मारिन के साथ टीम में शामिल किया गया था। शेवेलियर का पीएसजी से जुड़ना डोनारुम्मा की विदाई का संकेत माना जा रहा था। इटली के रहने वाले डोनारुम्मा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इतालवी, अंग्रेजी और फ्रेंच में एक संदेश पोस्ट किया जिसमें कहा गया है कि उन्हें प्रभावी रूप से बाहर कर दिया गया है।

उन्होंने लिखा, 'दुर्भाग्यवश, किसी ने यह निर्णय लिया है कि मैं अब टीम का हिस्सा नहीं रह सकता और टीम की सफलता में योगदान नहीं दे सकता। मैं निराश और हताश हूं। मुझे उम्मीद थी कि मुझे पार्क डेस प्रिंसेस में मौजूद प्रशंसकों से अलविदा कहने का मौका मिलेगा जैसा होना चाहिए। आप सभी ने मुझे यहां घर जैसा एहसास दिलाया और मैं इन यादों को ताउम्र संजोकर रखूंगा।'

## राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाएगा भारत, ओलंपिक संघ ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को यहां अपनी विशेष आम बैठक (एसजीएम) के दौरान 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए देश की बोली को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी। भारत ने 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अहमदाबाद को मेजबान शहर बनाते हुए पहले ही आशय पत्र जमा कर दिया है। भारत को हालांकि 31 अगस्त की समय सीमा से पहले अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव जमा करने होंगे।

### भारत की दावेदारी मजबूत

कनाडा के दौड़ से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। राष्ट्रमंडल खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेल के अधिकारियों की एक टीम ने हाल ही में आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने तथा गुजरात सरकार के अधिकारियों से चर्चा करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया था।

### भारत कर चुका है 2010 सीडब्लूजी की मेजबानी

इस महीने के अंत में राष्ट्रमंडल खेलों के एक प्रतिनिधिमंडल के अहमदाबाद पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रमंडल खेलों की आम सभा नवंबर के आखिरी हफ्ते में ग्लासगो में मेजबान देश का फैसला करेगी। भारत इससे पहले 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर चुका है।

# फुटबॉल : आचार्य की टीम ने शोध छात्रों को 3-1 से हराकर फाइनल में बनाई जगह





**नई दिल्ली।** केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षण संस्थान सारनाथ में चल रही अंतर-कक्षा फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मैचों में शास्त्री तृतीय और आचार्य द्वितीय की टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

दिन का पहला क्वार्टर फाइनल मैच आचार्य द्वितीय और पीएचडी छात्र व कर्मचारियों की संयुक्त टीम के बीच हुआ। इस मैच में आचार्य द्वितीय की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पीएचडी टीम को 3-1 से पराजित किया। मैच के शुरूआत से ही आचार्य द्वितीय की टीम ने आक्रामक रुख अपनाया।

टीम की ओर से तेंजिंग ने 27वें मिनट में पहला गोल दागकर टीम को शुरूआती बढ़त दिलाई। इसके बाद, टीम के खिलाड़ी सपलबार ने 39वें मिनट में और योग्फेल ने 38वें मिनट में एक-एक गोल करके टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। पीएचडी टीम ने वापसी की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए।

हालांकि, मैच के 65वें मिनट में यंगड्रंग ने एक गोल करके अपनी टीम के लिए एकमात्र गोल किया। इस जीत के साथ आचार्य द्वितीय की टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच शास्त्री तृतीय और बीएड द्वितीय की टीमों के बीच खेला गया। मैच में शास्त्री तृतीय की टीम ने 2-1 के करीबी अंतर से जीत दर्ज की। शास्त्री तृतीय की टीम की ओर से तंगबींग ने 51वें मिनट में एक महत्वपूर्ण गोल किया। इससे टीम को बढ़त मिली। इसके बाद लोबसांग ने दूसरा गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। वहीं, बीएड टीम की ओर से एकमात्र गोल संगेय नोरबू ने 38वें मिनट में किया। बीएड की टीम ने वापसी के कई प्रयास किए, लेकिन शास्त्री तृतीय के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे। इस जीत के साथ ही शास्त्री तृतीय ने भी टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली।

### वाराणसी 16 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर

सेक्टर अल्फा-1 के सेंट जोसेफ स्कूल में सीआईएससीई यूपी रीजनल एथलेटिक्स मीट के दूसरे दिन मंगलवार को वाराणसी की टीम ने सात स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर कब्जा किया। वहीं नोएडा की टीम पहले और मेरठ की टीम तीसरे स्थान पर रही।

डिस्कस थ्रो स्पर्धा में अंडर-14 में वाराणसी के हरिओम शुक्ला, 400 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा के अंडर-17 में सत्यम, 600 और 400 मीटर दौड़ में अंडर-14 में आदित्य यादव और बाधा दौड़ (अंडर-19) में अमन अंसारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं, हैमर थ्रो स्पर्धा में अंडर-17 में शाश्वत शेखर और अंडर-19 में प्रांजल सिंह ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

गोस्वामी तुलसीदास विद्यालय कुश्ती में चैंपियन

भेलूपुर जोन बालक वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन नेपुरा अखाड़े में गोस्वामी तुलसीदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रविंद्रपुरी के नेतृत्व में हुआ। प्रतियोगिता में जोन कई विद्यालयों के पहलवानों ने प्रतिभा दिखाई। गोस्वामी तुलसीदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने 8 स्वर्ण पदक जीते और ओवरऑल चैंपियन बनी। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में अंडर-14 वर्ग में श्याम लाल यादव और विक्रांत यादव, जबकि अंडर-17 वर्ग में आशीष कुमार यादव, जिलाजीत यादव, बलराम यादव, अंशु यादव, अखिलेश यादव और आदित्य यादव शामिल हैं। प्रभु नारायण राजकीय इंटर कॉलेज 5 स्वर्ण पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रहा। काकीनाडा में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला नेशनल चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम ने मंगलवार को कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। इस जीत का श्रेय वाराणसी के हॉकी कोच अकरम महमूद को जाता है।

अकरम महमूद जिले के उप क्रीड़ा अधिकारी के पद पर तैनात हैं, जिन्होंने अपनी कुशल रणनीति और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की। उनकी टीम ने टूनार्मेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देश की सर्वश्रेष्ठ टीमों के बीच अपनी जगह बनाई और कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। जीत पर हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने कोच अकरम महमूद और पूरी टीम को बधाई दी।

जगतपुर इंटर कॉलेज के खेल मैदान में मंगलवार को बच्छाव जोन की वार्षिक विद्यालयीय फुटबॉल प्रतियोगिता हुई। इसमें दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों के बाद अंडर-19 बालक वर्ग का खिताब मेजबान जगतपुर इंटर कॉलेज ने अपने नाम किया, जबकि अंडर-14 वर्ग में कर्दमेश्वर महादेव इंटर कॉलेज, कंदवा की टीम विजयी रही।

अंडर-19 वर्ग का फाइनल मुकाबला मेजबान जगतपुर इंटर कॉलेज और कर्दमेश्वर महादेव इंटर कॉलेज कंदवा के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों ने लगातार गोल के प्रयास किए। अंत में जगतपुर इंटर कॉलेज ने यह मुकाबला 4-3 के करीबी अंतर से जीतकर चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। इस मौके पर पूर्व जिला सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन चंद्र राय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मारकर किया।

### जिला स्तरीय विद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिताएं टलीं

माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित होने वाली जिला स्तरीय विद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिताएं टाल दी गई हैं। यह प्रतियोगिताएं 13 और 14 अगस्त को क्वींस इंटर कॉलेज और आर्य महिला इंटर कॉलेज में आयोजित होनी थी, लेकिन अब इनका आयोजन बाद में किया जाएगा। मंडलीय खेल सचिव विनोद सिंह ने बताया कि यह फैसला प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के स्थगित होने के कारण लिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन प्रतियोगिताओं की नई तिथियों की घोषणा की जाएगी।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने तैयार किया व्यापक विजन डाक्यूमेंट-2047



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा व्यापक विजन डाक्यूमेन्ट-2047 तैयार किया है। जिसके माध्यम से पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश को विकसित बनाने में अपनी महती भूमिका एवं सहभागिता निभाने के लिए तत्पर है। चूकि ओबीसी वर्ग उत्तर प्रदेश में लगभग-52 प्रतिशत या उससे भी अधिक है, जिसके कल्याण, हित एवं अधिकारों की पूर्णता के लिए हमारे विभाग ने अभूतपूर्व फैसले लेकर उत्तर प्रदेश को विकसित बनाने की दिशा में बड़ा काम किया है।

नरेद्र कश्यप ने कहा कि मुझे सदन को यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि उत्तर प्रदेश में हमारे विभाग के माध्यम से वर्ष 2024-25 में 32 लाख 22 हजार 4 सौ 99 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति देकर लाभाविन्त करने में सफलता प्राप्त की है। योगी जी के नेतृत्व में 8 वर्षों में हमारी सरकार ने कुल 2 करोड़ 7 लाख 53 हजार 4 सौ 57 ओबीसी वर्ग के छात्र-छात्राओं को रूपया 13 हजार 5 सौ 35 करोड़ 33 लाख की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की है।

**शादी अनुदान योजना :** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पिछड़े वर्ग की गरीब बच्चियों की शादी सम्पन्न कराने के लिए वर्ष 2025-26 में 200 करोड़ रुपए की व्यवस्था इस योजना में प्राविधानित है।

**कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना :** इस योजना के अन्तर्गत 8 वर्षों में हमारी सरकार ने ओबीसी वर्ग के लगभग 1 लाख 39 हजार 698 युवाओं को प्रशिक्षण दे दिया है। इसके अन्तर्गत ओबीसी समाज के हजारों बच्चे रोजगार पाने में सफल हुए हैं।

# स्वतंत्रता दिवस पर डायमंड पैलेस में लगाया जाएगा विशाल रक्तदान शिविर



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डायमंड पैलेस, कविनगर इंडस्ट्रियल एरिया में सुबह 9:00 से शाम 4:00 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस मानवता-सेवा के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम में निम्न संस्थाएँ एवं सम्मानित व्यक्तित्व सहभागिता करेंगे – रोटरी क्लब मिडटाउन, अध्यक्ष अतुल ठाकुर, सचिव राजीव साधना; रामगड़िया वेलफेयर एसोसिएशन : धर्मेंद्र सोहल; नारायण संकीर्तन मंडल : सोनीजी; गुरुद्वारा जी ब्लॉक, कविनगर : अध्यक्ष रविंदर सिंह जॉली; दूधेश्वरनाथ मंदिर : अजय चोपड़ा; वरिष्ठ समाजसेवी : रूपेंद्र सिंह ; वरदान सेवा संस्थान :अशोक; डायमंड पैलेस :संदीप। राउंड टेबल संस्थाएँ : चेयरमैन प्रतीक गुप्ता, चेयरमैन प्रतीक शर्मा ,मेंबर प्रांशुल, दिनेश गर्ग। एस पी सिंह ने बताया कि यहाँ यह उल्लेखनीय है कि गत तेरह वर्षों से संस्था रक्तदान शिविर का आयोजन कर रही है, गत वर्ष 155 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया था। सभी रक्तदाताओं के लिए स्वास्थ्य जांच, प्रमाणपत्र और पौष्टिक अल्पाहार की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से इस पुण्य कार्य में शामिल होने की अपील की है।

# हर घर तिरंगा राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक : महेश शर्मा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजसेवी महेश शर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा का उद्देश्य हमारी देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी से है। यह सिर्फ केवल सरकारी इमारत और संस्थानों तक सीमित न रहकर हर भारतीय के घर तक पहुंचना जरूरी है। जब हम अपने घर पर तिरंगा फहराते हैं तो यह हमारी देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक बन जाता है। हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत आजादी के अमृत महोत्सव के तहत की गई ताकि लोग राष्ट्रीय ध्वज को अपने घर लाकर स्वतंत्रता दिवस पर फहराएं। किसी देश का आधिकारिक झंडा उस देश का प्रतीक होता है। यह प्रतीक एक ही छवि में देश के अतीत, वर्तमान और भविष्य को दर्शाता है। हर घर तिरंगा का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के भीतर देश भक्ति की गहरी भावना जगाना और हमारे राष्ट्रीय ध्वज के महत्व के बारे में बेहतर समझ विकसित करना है।




## दो परसेंट के चक्कर में हिंदुत्व हो गया है सेक्युलर

किस्सा फूल वालों से जुड़ा है और वो ये फील कर सकते हैं कि उनकी दलील में कोई दम नहीं है और दम है तो जुबैर और शकील में है। फूल वाले हर घर तिरंगा लेकर जा रहे हैं, अभियान चला रहे है। मगर इस तिरंगे को 20 रुपए के हिसाब से ला तो जुबैर भाई रहे है। महकमें वाले सूत्र बता रहे हैं कि 2 परसेंट का ऐसा खेल हुआ कि हिंदुत्व फेल हो गया। अरबन वाली मैडम ने 2 परसेंट को वरीयता दी। महकमा सूत्र बताते हैं कि भगवा वाले 15 और 16 का ऑफर लेकर पहुंचे थे लेकिन हिंदुत्व की अवधारणा पर जुबैर के 2 परसेंट भारी पड़ गये। जुबैर ने 18 परसेंट दिये और तिरंगा वाला ऑर्डर समेट लिया। 2 परसेंट बढ़ते ही हिंदुत्व एकदम सेक्युलर हो गया। टेंडर जुबैर के पक्ष में हो गया। 2 लाख 10 हजार झंडे का फंडा ये है कि 20 रुपए के हिसाब से एक झंडे का रेट लगा है और 18 परसेंट का कमीशन गया है। कहानी में सारे किरदार असली हैं और फूल वाले तो बिना मतलब ही हर घर जा रहे हैं। लेकिन तिरंगे के पैसे तो जुबैर के पास जा रहे है। सूत्र बता रहे हैं कि हेल्थ पर शकील का कब्जा है और अरबन वाले महकमें में जुबैर का जलवा है। ये तो बिना मतलब की भीड़ है जो गले में भगवा गमछे लपेटे हिंदुत्व राष्ट्र का नारा लगाती सड़कों की घूम रही है।

## वो कौन से हैं पार्षद पति जिन्होंने पकड़ ली है बहुत ही तेज गति

पार्षद उनकी श्रीमती बनी हैं लेकिन गति में उनके पति हैं। ये तो बड़ी मैडम हैं जिन्होंने हसबेंड का नाम आने पर पूरी मशीनरी का बैंड बजा दिया था। लेकिन यहां तो किस्सा ही कुछ और सामने आ गया है। फूल वाले ही बता रहे हैं कि पार्षद मैडम ने सीएलसी कोटे से कार के लिए चालक ले लिया। कोई नई बात नहीं है क्योंकि पड़ोस वाले एक्स पार्षद ने ऐसा किया और मैडम पार्षद ने कहा भी कि उन दो सीनियर पार्षदों ने भी तो ले रखे हैं। चलो चलती में सब चलाते हैं इसलिए सीएलसी के ड्राइवर कार चलाते हैं। मगर कहानी में मोड तब आ गया जब पार्षद पति ने सीएलसी ड्राइवर को पीट दिया। ड्राइवर का कहना है कि ड्रिंक करने के बाद पीट दिया और उधर वाला पक्ष कह रहा है कि 10 हजार रुपए चोरी का मामला है। सुना है मामला विधायक जी तक पहुंचा है और कई दरवाजों पर पहुंचा है और सवाल ये उठ गया है कि सीएलसी से कितनी सुविधायें कौन-कौन पार्षद ले रहे हैं। मेयर मैडम ही बेहतर बता सकती हैं कि मामले में फेयर क्या है। मामला मेयर मैडम के संज्ञान में आयेगा तो यकीन मानों कि मामले में निश्चित रूप से कार्यवाही के एक्शन का तूफान आयेगा। जांच के बाद ही ये पता चल जायेगा कि कौन सच बोल रहा है, कौन झूठ बोल रहा है।

## तुमने की है हमारी आलोचना तो तय है तुम्हारे चबूतरों का टूटना

रिमझिम बरसात हुई और जल भराव बरसात में नहीं होगा तो कब होगा। दिल्ली में हुआ, मुंबई में हुआ तो गाजियाबाद कौन सा अनोखा शहर है कि यहां नहीं होगा। एक ने निगम मुख्यालय से लाईव देना शुरू किया तो दूसरे ने लकड़ी का तख्ता लेकर वार्ड में नाव चलानी शुरू की। सितम ये कि दोनों ही पार्षद नहीं है। एक के परिवार की महिला पार्षद है और दूसरे की पत्नी पार्षद है। इसके बाद जल भराव को लेकर दुकानदारों ने भी मोर्चा खोला। लेकिन उन्हें नहीं पता कि नए निजाम में आलोचना करना सख्त मना है। ये अधिकारी वर्ग है जो जिम्मेदारी बिल्कुल नहीं लेता है। सुना है कि बारिश के पानी के बाद एक बैठक बुलाई गई और बैठक में विरोध करने वालों के कंधे पर बंदूक रख कर उसकी नाल उन्हीं की तरफ घुमा दी गई। बात का सार ये निकला कि अगर तुम दुकानों के आगे चबूतरे ना बनाते तो पानी नहीं भरता। अगर तुम घरों के आगे रैम्प नहीं बनाते तो पानी नहीं भरता। और उन्हें बता दिया गया कि अब बारिश हो या ना हो लेकिन ये चबूतरे सबसे पहले तोड़े जायेंगे। बताते हैं कि ये फरमान सुनते ही सारा विरोध उड़न छू हो गया और अब व्यापार मंडल वालों से लेकर आरडब्लूए वालों ने कान पकड़ लिये हैं कि भले ही पानी दुकानों में घुसे, पानी घरों में घुसे, हम अगर एक शब्द भी बोलें तो हमें कसम राम की है।

# राजनगर मंडल ने किया तिरंगा यात्रा का आयोजन, जमकर नाचे राष्ट्रभक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं राजनगर मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी की अध्यक्षता में, राजनगर मंडल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व महापौर आशू वर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री सचिदानंद शर्मा, गेल इंडिया के डायरेक्टर संजय कश्यप, पूर्व महानगर अध्यक्ष अमर दत्त शर्मा, पूर्व महानगर उपाध्यक्ष डी.एन. सिंह, महानगर मीडिया समन्वयक प्रदीप चौधरी, ज़िला प्रतिनिधि महानगर विनीत शर्मा, भाजपा नेता परमानन्द शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। यात्रा को सफल बनाने में पार्षद राजेंद्र तीतोरिया, पार्षद कुलदीप त्यागी, पार्षद अजीत निगम, पार्षद राजकुमार राजू, पूर्व पार्षद कपिल वशिष्ठ, मंडल महामंत्री अभिजीत मुखर्जी, मंडल महामंत्री मनोज कुमार गिरी, मोर्चा अध्यक्ष कविता चौहान, मोर्चा अध्यक्ष आर एन राम, मोर्चा अध्यक्ष सागर मिश्रा, मोर्चा अध्यक्ष सरदार प्रभजोत सिंह, श्रीचंद चौहान, भावना जौहरी, कौशल तेवतिया, राकेश चौधरी, रोहित गौतम, ए के सिंह, किरण चौधरी, संजीव गुप्ता, डॉ राकेश चावला, अनुराग कौशिक, तुषार चौहान, संजीव गुप्ता, अंकित त्यागी, हरीश राजोरा, ऋतु त्यागी, मनीष दीक्षित, मनीष भार्गव, एडवोकेट अंजू पुंडीर, मुकेश शर्मा, डॉ अनिल बैंसला, आर सी शर्मा, मनोज कुमार सिंह, देवी शरण शर्मा, आनंद नागर, रवि रंजन पांडेय, सोनू सिंघल, विक्की वेदी, संतोष देवी, सपना कॉर्नवाल, प्रदीप गर्ग, डॉ हरीश शर्मा, मनोज वर्मा, अनुराग कौशिक, सौरव श्रीवास्तव, राजेश्वर यादव, नवीन पंडित, अमित नागर, समिति नागर, जय प्रकाश प्रजापति, प्रदीप गुप्ता, वरुण त्यागी, विहान त्यागी, निखिल राजपूत, राहुल भार्गव, जुगनू ठाकुर, यश, विवेक, विष्णु शर्मा, संजीव शर्मा, सुरेन्द्र पाल त्यागी, हीरालाल चौहान, मधुर त्यागी, बिट्टू त्यागी, रविंद्र सिसौदिया, माणिक नागर आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# तिरंगा महोत्सव और संगीत समारोह का भव्य आयोजन

## महापौर सुनीता दयाल ने कहा, देश सेवा सभी का फर्ज है



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिला प्रशासन गाजियाबाद की ओर से लोहिया नगर स्थित हिन्दी भवन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा महोत्सव, तिरंगा मेला और भव्य तिरंगा संगीत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष मंयक गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। अधिकारियों एवं गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान तिरंगा मेला में लगी प्रदर्शनियों का अवलोकन किया गया। सभी अतिथियों को जिला प्रशासन की ओर से पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वंदेमातरम् गीत पर जे. विश्वकर्मा की भावपूर्ण प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। के.आर. ग्रुप द्वारा भगत सिंह के जीवन पर आधारित नाट्य और नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसे देख दर्शकों की आंखें नम हो गईं। इसके अतिरिक्त सबसे आगे होंगे इंडिया गीत पर प्रस्तुत नृत्य और भागीरथी स्कूल एवं श्री विद्या स्कूल के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों व नाटकों की प्रस्तुति ने माहौल देशभक्ति से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम सिटी विकास कश्यप, जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, सिविल डिफेंस चीफ वार्डन ललित जायसवाल, अनिल अग्रवाल सहित कई अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**बच्चों में अपार प्रतिभाः महापौर**

**करंट क्राइम।** अपने संबोधन में महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि जिला प्रशासन ने हिन्दी भवन को तिरंगा मय बना दिया है। यह एक उत्कृष्ट कार्यक्रम है जो बच्चों की प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि हमें न सिर्फ अपने घरों पर तिरंगा फहराना चाहिए बल्कि देश के लिए ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करना चाहिए। देश सेवा केवल वदीर्धारी जवानों का कर्तव्य नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का फर्ज है

# देशभक्ति गीतों के साथ भाकियू ने निकाली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

## सीएम योगी और राष्ट्रपति के नाम डीएम रविंद्र कुमार को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) से जुडे किसानों ने बुधवार को ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा का नेतृत्व भाकियू के राष्ट्रीय सचिव ओमपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह, जिला प्रभारी जय कुमार मलिक व युवा जिलाध्यक्ष छोटे चौधरी ने किया। ट्रैक्टर यात्रा की शुरूआत दुहाई के पास ईस्टर्न पेरिफेरल पुल के नीचे से हुई।

यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई जिला मुख्यालय पर सम्पन्न हुई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने बताया कि यह यात्रा भाकियू के शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार हर वर्ष की भांति आयोजित की गई। यात्रा के दौरान किसानों ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से देश प्रेम की भावना को जीवंत किया और आजादी के पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। इस मौके पर किसानों ने केवल जश्न ही नहीं मनाया, बल्कि अपनी मांगों को भी प्रखर रूप से उठाया। भाकियू पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति और सीएम के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें पांच सूत्रीय ज्ञापन सीएम योगी के नाम और 11 सूत्रीय ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम दिया गया। किसानों की मुख्य मांगों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी ) पर कानून बनाने सहित कई अहम बिंदु शामिल थे।

इस यात्रा में जनपद के विभिन्न गांवों, लोनी और भोजपुर, मोदीनगर, मुरादनगर(क्षेत्र), रोरी, फरीदनगर, कनौजा, ढिंडार, दुहाई, पतला, निवाड़ी, रजापुर, महरौली, रहीस पुर, सदरपुर, कुसलिया, डासना, मसूरी, काजीपुर आदि से सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। इसके अलावा लोनी क्षेत्र से 15 गांवों के प्रधान ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इनमें यशवीर सिंह, महेश यादव, कार्यालय प्रभारी सतेंद्र तेवतिया, पवन चौधरी, संजीव ढिंडार, राजेश चौधरी (बथला), केपी पंवार, अरुण कसाना, सचिन तेवतिया, वेदपाल मुखिया भोजपुर, मोदी प्रधान, मुस्तफा (भोजपुर) अभिषेक चौधरी, अजीत सिंह, सिंटू नेहरा, पिंटू (भोजपुर), मुस्तफा, ब्रह्मपाल सिंह (दुहाई), अंसार अहमद, डॉ. नजर अली, फजल अहमद, बिल्लू चौधरी, सेंसैपाल राठी, शिवम जावेद, गौतम चौधरी, डॉ. महमूद, जंग बहादुर सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद के गोदाम में गैस रिसाव से चार की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार को हुई एक घटना में जहरीली गैस के रिसाव की वजह से करीब दो दर्जन लोगों की तबीयत बिगड़ गई है। मामला दिल्ली-मेरठ हाईवे पर बसे शहर के हिंडन विहार इलाके का है, जहां सलीम नाम के शख्स का कबाड़ का गोदाम है। बताया जा रहा है कि इसी गोदाम में अचानक किसी सिलेंडर से जहरीली गैस का रिसाव हुआ और देखते ही देखते आसपास के कई घरों में लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में पीड़ितों को जिले के सरकारी अस्पताल एमएमजी सहित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक, कबाड़ के गोदाम में सिलेंडर की कटिंग की जा रही थी, उसी दौरान इसमें से जहरीली गैस रिसने लगी। तबीयत बिगड़ने के बाद पीड़ितों को लेकर परिजन अस्पताल की तरफ भागे। दो पीड़ितों को नंदग्राम इलाके के मरियम अस्पताल और दो अन्य को संयुक्त जिला अस्पताल एमएमजी में भर्ती कराया गया है। फिलहाल चारों पीड़ितों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।




## कौन सा जोन आएगा सजावट में फस्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 25 थाने हैं। तो तीन जोन और लगभग एक दर्जन के आसपास सर्किल हैं। कमिश्नरेट वाला सिस्टम धीरे-धीरे बड़ा हो रहा है तो लगातार आईपीएस और पीपीएस अधिकारियों की संख्या में इजाफा भी देखने को मिल रहा है। वैसे इन दिनों पुलिस देश की आजादी वाले जश्न में रंगी हुई नजर आने लगी है। अब देखना होगा कि कौन सा जोन और सर्किल सबसे ज्यादा मेहनत और ऊर्जा दिखाती है। जश्ने आजादी और स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारी का सिलसिला चल रहा है। सुनने में आ रहा है कि जहां पुलिस लाइन से लेकर पुलिस ऑफिस और थानों से लेकर अधिकारियों के कार्यालय को सजाया जा रहा है। तो कहीं लाइटिंग की जा रही है। तो कोई गुब्बारे और कपड़े की थीम पर तिरंगे की सजावट की जा रही है। अब सवाल उठता है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के तीनों जोन में कौन सा जोन सजावट के मामले में सबसे अव्वल रहता है, यह भी देखा जाना अभी बाकी है। पिछली दफा 15 अगस्त और 26 जनवरी को भी थानों के बीच इस बात का कंपटीशन था कि कौन सा थाना सजावट के मामले में बेस्ट है और किसने सबसे ज्यादा मेहनत की है। पिछली दफा जहां नदिया पार के दो थानों ने गजब की ताकत और ऊर्जा का प्रदर्शन किया तो तो वहीं सिटी वाले भी पीछे नहीं रहे थे। इसके साथ ही सिटी वाले साहब के कार्यालय और उनके बराबर में बने एसीपी के कार्यालय को भी तिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था। इस बार देखना होगा की सजावट का नजारा क्या रहता है। वैसे हर साल ऐसे प्रमुख आयोजनों से पहले डॉग स्क्वायड दस्ता भी नजर आता था लेकिन इस बार वह कम दिख रहा है। पता नहीं इसके पीछे की वजह क्या है। वही जिस तरीके से तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है, उसमें चंद पुलिस के अधिकारी और कुछ फेस नजर आ रहे हैं जबकि यह रेस लंबी और बड़ी की जा सकती थी। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले तीन दिनों तक थानों में रंगीन लाइटें नजर आएगी। साथ ही 16 तारीख को होने वाले जन्माष्टमी के आयोजन पर पुलिस लाइन में अलग ही नजारा देखने को मिलेगा। सुनने में आ रहा है कि इस बार 15 अगस्त पर लाइन में भी भीड़ नजर आ सकती है। वहीं सुरक्षा का आलम क्या रहेगा, इस पर भी नजरें हैं। वैसे मीटिग तो बहुत हो रही हैं पर परिणामों पर प्रश्न चिन्ह उठ रहे हैं।




# गाजियाबाद में हर तीन मिनट में एक व्यक्ति हो रहा है कुत्ते के काटने का शिकार, नगर निगम ने की सख्त कदम उठाने की तैयारी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में आवारा कुत्तों का आतंक अब एक गंभीर जनस्वास्थ्य और सुरक्षा समस्या बन चुका है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2022 से जुलाई 2025 के बीच शहरी इलाके में ही 3 लाख से अधिक डॉग बाइट के मामले सामने आए हैं। यानी हर तीन मिनट में एक व्यक्ति कुत्ते के काटने का शिकार हो रहा है। ग्रामीण इलाकों को अगर जोड दिया जाए तो यह आंकडा और भी भयावह हो जाता है। इस भयावह स्थिति के बीच सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में अहम फैसला सुनाया है। गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कुत्तों के काटने के मामलों को लेकर चिंता जाहिर की है। इस मुद्दे पर लोगों के गुस्से को देखकर अब नगर निगम सक्रिय रूप से अमल करने की तैयारी में है। नगर निगम के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश मिलते ही उसे लागू किया जाएगा, लेकिन इसके लिए आवश्यक संसाधनों को जुटाना एक चुनौती होगी।

फिलहाल गाजियाबाद नगर निगम दो एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर चला रहा है, जहां करीब 50 कुत्तों को रोजाना स्टरलाइजेशन के लिए लाया जाता है। दो-तीन दिन रखने के बाद उन्हें वहीं वापस छोड़ दिया जाता है जहां से पकड़ा गया था। हालांकि शहर में स्ट्रीट डॉग्स की संख्या लाखों में है, जिससे सेंटरों की क्षमता और संसाधन बेहद नाकाफी साबित हो रहे हैं। नगर निगम हर महीने लगभग 1500 कुत्तों का बधियाकरण करवा रहा है, लेकिन कुत्तों की बढ़ती संख्या और बढ़ते हमलों पर यह नियंत्रण लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। पार्कों, कॉलोनियों और सोसाइटीज में लोग डर के साए में जी रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह समस्या और भी गंभीर हो गई है।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और समाज के जागरूक नागरिक मिलकर इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाएं। सुप्रीम कोर्ट का आदेश एक उम्मीद की किरण है, लेकिन इसके सही क्रियान्वयन के लिए इच्छाशक्ति, बजट और रणनीति की आवश्यकता होगी।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जनसेवक अजय गुप्ता ने अपनी पोस्ट के जरिए परिवार का महत्व बताया। उन्होंने परिवार को माता-पिता को खुशी का आधार बताया। उन्होंने कहा कि मेरा पोता और नातिन जब हमारे साथ होते हैं तो हम भी बच्चे बन जाते हैं। परिवार के प्यार और संस्कार का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# सर्बिया में प्रदर्शन के दौरान सरकार समर्थकों और विरोधियों में झड़प, 15 पुलिसकर्मियों समेत दर्जनों घायल

**बेलग्रेड ।** हिंसा की शुरूआत बेलग्रेड के उत्तर-पश्चिम शहर व्रबस में हुई, जहां प्रदर्शनकारी और सरकार समर्थक सर्बियाई प्रगतिशील पार्टी के कार्यालय के बाहर आमने-सामने आए गए। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग करने की कोशिश की। घटना के वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि सरकार समर्थकों ने प्रदर्शनकारियों पर जलती हुई कागज की तख्तियां, पत्थर और बोतलें फेंकीं। जवाब में प्रदर्शनकारियों ने भी अलग-अलग वस्तुएं फेंकीं। पुलिस के मुताबिक, इन झड़पों में 16 पुलिसकर्मियों सहित दर्जनों लोग घायल हुए हैं। देश के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह की घटनाएं सामने आईं।



**रेलवे स्टेशन की छत गिरने के बाद शुरू हुआ था प्रदर्शनः** सर्बिया में छात्रों के नेतृत्व वाला यह आंदोलन नवंबर में शुरू हुआ था, जब उत्तरी शहर नोवी साड में एक रेलवे स्टेशन की छत गिरने से 16 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद सरकारी निर्माण परियोजना में भ्रष्टाचार को लेकर जनता में आक्रोश भड़क उठा। तबसे लाखों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर चुके हैं, जिससे राष्ट्रपति वुविच की सत्ता पर पकड़ कमजोर होती नजर आ रही है। हाल ही में राष्ट्रपति के समर्थकों ने विरोध में प्रदर्शन शुरू किए हैं, जिससे हिंसा की आशंका और बढ़ गई है। हिरासत में लिए गए

**सर्बिया में मंगलवार को सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिंसक झड़पें देखने को मिलीं। यह झड़पें सरकार समर्थकों और विरोधियों के बीच उस समय हुईं, जब नौ महीने से जारी प्रदर्शनों के बीच तनाव और बढ़ गया। ये प्रदर्शन राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुविच के खिलाफ हो रहे हैं**

कई लोग व्रबस शहर में हुई झड़पों के बाद कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस आयुक्त ड्रागन वासिलजेविक ने सरकारी टेलीविजन आरटीएस को बताया कि प्रदर्शनकारी सत्तारूढ़ पार्टी के समर्थकों पर हमला करने आए थे। हालांकि, प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पहले सरकार समर्थकों ने ही उन पर हमला किया। उन्होंने बताया कि व्रबस के अलावा दक्षिण शहर बाक्का पालांका, फिर नोवी साड और दक्षिण शहर निस में भी ऐसा ही हुआ। राजधानी बेलग्रेड में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाया।

# भारत के साथ रिश्ते पहले जैसे ही

## ट्रंप के टैरिफ को लेकर नई दिल्ली के सख्त रुख के बाद अमेरिका के सुर नरम

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगा गए टैरिफ को लेकर भारत के सख्त रुख को दुनिया देख रही है। भारत पर अपनी दबाव रणनीति नाकाम होता देख अब अमेरिका के सुर नरम पड़ गए हैं। उसकी ओर से कहा गया है कि भारत के साथ अमेरिका के रिश्ते पहले जैसे ही हैं। इसमें कोई भी बदलाव नहीं हुआ है। हमारे राजनयिक भारत-अमेरिका रिश्तों को लेकर प्रतिबद्ध हैं। विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ अमेरिका के संबंध बदले नहीं हैं। राजनयिक दोनों देशों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। उनका यह बयान पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की



फ्लोरिडा में की गई टिप्पणी के बाद आया है। वहां मुनीर ने कथित तौर पर कहा था कि पाकिस्तान अस्तित्व के लिए खतरा पैदा होने की स्थिति में भारत और आधी दुनिया को तबाह करने के लिए परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम का श्रेय लेने की होड़ विदेश विभाग की ब्रीफिंग में बोलते हुए ब्रूस ने कहा, 'भारत-पाकिस्तान के साथ हमारा एक ऐसा अनुभव रहा है कि जब इनके बीच संघर्ष हुआ था तो वह बहुत भयानक रूप ले सकता था।

# दक्षिण कोरिया: पूर्व प्रथम महिला किम भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार, चुनाव में हस्तक्षेप और रिश्वतखोरी का आरोप

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया की पूर्व प्रथम महिला और पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल की पत्नी, किम कियॉन ही को स्टॉक मैनिपुलेशन, चुनाव में हस्तक्षेप और रिश्वतखोरी के आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। योनहाप न्यूज एजेंसी के अनुसार, यह गिरफ्तारी विशेष अभियोजक मिन जूंग-की की टीम की जांच के तहत हुई, जिसमें किम पर कई गंभीर वित्तीय और राजनीतिक अपराधों के आरोप हैं।




सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने मंगलवार को गिरफ्तारी वारंट मंजूर करते हुए कहा कि किम सबूतों से छेड़छाड़ कर सकती हैं। वारंट के लिए अनुरोध विशेष अभियोजक की टीम ने किया था, जो कैपिटल मार्केट एक्ट, पॉलिटिकल फंड्स एक्ट और रिश्वतखोरी विरोधी कानून के उल्लंघन की जांच कर रही है। अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि किम सबूत नष्ट करने का गंभीर खतरा पैदा करती हैं, जबकि उनकी कानूनी टीम ने स्वास्थ्य समस्याओं और सहयोगात्मक रवैये का हवाला दिया।

आरोप और पुराने मामले किम पर आरोप है कि उन्होंने 2009 से 2012 के बीच डॉयच मोटर्स के शेयर मूल्य में हेरफेर किया। इसके अलावा, 2022 के उपचुनाव और 2024 के आम चुनावों में उम्मीदवार चयन में हस्तक्षेप करने और यूनिफिकेशन चर्च से महंगे उपहार लेने के भी आरोप हैं, जो कथित रूप से कारोबारी लाभ के बदले दिए गए थे। जांच में यह भी शामिल है कि एक हाईवे का अंतिम बिंदु बदलकर उनके परिवार की जमीन को लाभ पहुंचाया गया और एक स्थानीय अपार्टमेंट प्रोजेक्ट में पक्षपात किया गया। पहले के बयान और माफी पिछले सप्ताह पूछताछ के दौरान किम ने खुद को ह्लएक साधारण व्यक्तिह्व बताते हुए सार्वजनिक चिंता पैदा करने पर माफी मांगी, हालांकि उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया।

# न्यूजीलैंड: महिला सांसद को गाजा का पक्ष लेना पड़ा भारी, इस्राइल प्रतिबंध प्रस्ताव से हंगामा

**वेलिंगटन ।** न्स्वारब्रिक को पहले तीन दिन का बैन दिया गया था, लेकिन वह अगले ही दिन वापस आईं और माफी से इनकार करने पर दोबारा बाहर कर दी गईं।

मंगलवार को गाजा मुद्दे पर चर्चा के दौरान स्वारब्रिक ने कहा कि अगर 68 सरकारी सांसदों में से छह में भी रीढ़ है, तो वे इतिहास के सही पक्ष में खड़े होकर इस्राइल पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव का समर्थन करेंगे। संसद के स्पीकर गेरी ब्राउनली ने इसे अस्वीकार्य बताते हुए बयान वापसी और माफी की मांग की। स्वारब्रिक के इनकार करने पर उन्हें सप्ताहभर के लिए सदन से बाहर कर दिया गया। बाहर जाते समय उन्होंने 'हैप्पिली' कहते हुए कदम बढ़ाए।



बैन के बावजूद स्वारब्रिक बुधवार को सदन में लौट आईं। ब्राउनली ने फिर माफी मांगी, लेकिन उन्होंने दोबारा इनकार कर दिया और ह्लफ्री फलस्तीनह्व का नारा लगाते हुए बाहर निकल गईं। इसके बाद संसद में दुर्लभ मानी जाने वाली कार्रवाई करते हुए उन्हें औपचारिक रूप से ह्लनेमह्व किया गया, जिसके तहत वेतन कटौती और निलंबन लागू होता है। यह प्रस्ताव

**यूजीलैंड की ग्रीन पार्टी की सह-नेता और विपक्षी सांसद क्लो स्वारब्रिक को संसद में गाजा युद्ध को लेकर हुए विवादित बयान के चलते लगातार दूसरे दिन सदन से बाहर कर दिया गया। उन्होंने सरकार के सांसदों को 'स्पाइनलेस' (रीढ़ के बिना) कहकर चुनौती दी थी कि वे इस्राइल पर प्रतिबंध लगाने के उनके प्रस्ताव का समर्थन करें**

सरकार के सभी सांसदों के समर्थन से पारित हुआ।

### विपक्ष ने सरकार पर लगाया आरोप

विपक्षी सांसदों ने इस कार्रवाई को बेहद कठोर बताया। उन्होंने उदाहरण दिए कि पहले भी कई सांसदों ने विरोधी सदस्यों को ह्लस्पाइनलेसह्व कहा, लेकिन इतनी सख्ती नहीं हुई। लेबर पार्टी के नेता क्रिस हिपकिंस ने कहा कि यह पहली बार है।

# भूखंड आवंटन मामला: शेख हसीना और उनकी भतीजियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा शुरू

**ढाका ।** ढाका की एक कोर्ट में बुधवार को बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी भतीजियों अजमीना सिद्दीकी और ट्यूलिप सिद्दीकी समेत 17 अन्य के खिलाफ जमीन घोटाले के मामले में मुकदमा शुरू हुआ। शिकायतकर्ता ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।



### शिकायतकर्ता ने दर्ज कराया बयान

'द डेली स्टार' अखबार के मुताबिक, दोपहर में भ्रष्टाचार-रोधी आयोग (एसीसी) की सहायक निदेशक अफनान जन्नत केया ने ढाका की विशेष कोर्ट-4 के जज मोहम्मद रबीउल आलम के सामने अपना बयान दर्ज कराया। अफनान इस मामले में शिकायतकर्ता हैं। इससे पहले, एसीसी के उप निदेशक मोहम्मद सलाहुद्दीन ने जज आलम के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया, जो मामले में अन्य शिकायतकर्ता हैं। शेख हसीना, उनकी बहन शेख रिहाना और ट्यूलिप सहित 17 लोगों के खिलाफ यह मामला दर्ज है।

ट्यूलिप सिद्दीकी लंदन में रहती हैं और वहां की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी की सांसद हैं। वह लंदन की हैम्पस्टेड एंड हाईगेड सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने इस साल की शुरूआत में ट्रेजरी मंत्री के पद से इस्तीफा दिया था। यह कदम उन्होंने उनके परिवार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद उठाया था। ट्यूलिप ने इन आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि यह सब मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की ओर से उनके खिलाफ एक दुष्प्रचार अभियान चलाने का प्रयास है, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके।

एक बांग्ला अखबार के मुताबिक, 11 अगस्त को शेख हसीना, उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय और बेटी साइमा वाजेद के खिलाफ कथित भूखंड आवंटन घोटाले से जुड़े तीन अन्य मामले में भी बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी।

# गैरकानूनी नक्शों को लेकर कैलिफोर्निया के गवर्नर की ट्रंप को चेतावनी

**वॉशिंगटन ।** कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजॉम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पुनर्वितरण विवाद को लेकर तीखा हमला बोला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने ट्रंप को सेकंड-टू-लास्ट वॉर्निंग दी और चेतावनी दी कि कैलिफोर्निया रेड स्टेट्स के गैरकानूनी नक्शों को कानूनी रूप से खत्म कर देगा।



न्यूजॉम के प्रेस ऑफिस ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हालिया इतिहास के सबसे कम मशहूर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह आपकी दूसरी आखिरी चेतावनी है। अगली चेतावनी आखिरी होगी। अभी पीछे हटें, वरना कैलिफोर्निया कानूनी तौर पर जवाब देगा। पोस्ट में ट्रंप की सोशल मीडिया शैली की नकल करते हुए बड़े अक्षरों, असामान्य विराम चिह्नों और हास्यपूर्ण संदर्भों का इस्तेमाल किया गया।

पुनर्वितरण विवाद का पृष्ठभूमि न्यूजॉम ने सोमवार को ट्रंप को पत्र लिखकर टेक्सास सहित कई राज्यों में रिपब्लिकन पार्टी के पक्ष में नक्शे बदलने की कोशिश बंद करने की मांग की थी। उन्होंने इसे अमेरिकी लोकतंत्र पर हमला बताया और कहा कि यह 2026 चुनाव से पहले सत्ता बचाने की रणनीति है ट्रंप की नीतियों पर हमला न्यूजॉम ने ट्रंप के हालिया आपातकालीन आदेश की भी आलोचना की, जिसमें उन्होंने वॉशिंगटन डीसी में संघीय हस्तक्षेप की अनुमति दी थी। उन्होंने कहा कि ट्रंप का दावा कि डेमोक्रेटिक शहरों में अराजकता है, एक ₹पुराना झूठ₹ है और जीओपी-शासित राज्यों में अपराध दर अधिक है।

गैविन न्यूजॉम को 2028 के डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है। उनका यह बयान न केवल ट्रंप की नीतियों की आलोचना है। बल्कि डेमोक्रेटिक समर्थकों को एकजुट करने का प्रयास भी है। व्हाइट हाउस ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

# मेक्सिको में टूटा 73 साल का रिकॉर्ड, मूसलाधार बारिश के बीच एयरपोर्ट बंद, जनजीवन बुरी तरह प्रभावित

**मेक्सिको सिटी ।** मेक्सिको सिटी में मूसलाधार बारिश से 73 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। मूसलाधार बारिश के कारण मुख्य हवाई अड्डे पर लगातार दूसरे दिन भी कई घंटों तक उड़ानें बंद रहीं, जिससे लैटिन अमेरिका के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। वहीं, बारिश से जन-जीवन भी बुरी तरह प्रभावित रहा।

उड़ानों में यह रुकावट ऐसे समय में आई है, जब शहर में पिछले कई वर्षों में सबसे ज्यादा बारिश हो रही है। इसके चलते शहर के अलग-अलग हिस्सों में बाढ़ आ गई है। भारी बारिश के कारण मंगलवार सुबह (स्थानीय समयानुसार) कम से कम चार घंटे तक सभी उड़ानें निलंबित रहीं। इसके अलावा, विमानन अधिकारी एक रनवे को चालू करने में सफल रहे। हालांकि, अधिकांश उड़ानें अभी भी बंद हैं।





### यात्रियों ने उड़ानें रद्द होने की दी सूचना

मेक्सिको की राजधानी में भारी बारिश के कारण यात्रियों ने इस सप्ताह कई उड़ानों के रद्द होने या देरी की सूचना दी। 69 वर्षीय एलिसिया निकानोर ने बताया कि रविवार को उत्तरी शहर तिजुआना जाने वाली उनकी उड़ान रद्द कर दी गई। जब वह मंगलवार सुबह फिर से फ्लाइट पकड़ने आईं तो वह भी रद्द कर दी गई। उन्होंने एयरलाइन से कहा कि उन्हें डॉक्टर के पास जरूरी अपॉइनमेंट के लिए जाना है, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई।

मेक्सिको सिटी की मेयर क्लारा ब्रुगाडा ने बताया कि रविवार को भारी बारिश हुई, जिसके कारण शहर के मुख्य चौक, जिसे जोकलो के नाम से जाना जाता है, में 3 इंच से ज्यादा पानी भर गया। उन्होंने बताया कि ज्यादातर पानी सिर्फ 20 मिनट में बरस गया। इसके चलते 1952 का रिकॉर्ड टूट गया।

इस बीच, शहर के दक्षिणी हिस्से में सड़कों पर पानी भरने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। वीडियो में दिखाया गया है कि सड़कों पर पानी इतना भर गया कि कारें बहने लगीं और वो नदियों जैसी दिखने लगीं। ये वीडियो सोशल मीडिया पर मीम्स का हिस्सा भी बन गई।

# न्यूजीलैंड के निचले उत्तरी द्वीप में कांपी धरती, महसूस किए गए 4.9 तीव्रता का भूकंप




**वेलिंगटन ।** न्यूजीलैंड के निचले उत्तरी द्वीप में बुधवार को 4.9 तीव्रता का भूकंप आया। इसे देश की भूवैज्ञानिक विज्ञान एजेंसी ने मध्यम तीव्रता का बताया। एजेंसी जियोनेट ने बताया कि भूकंप का केंद्र हॉक्स बे क्षेत्र में हेस्टिंग्स शहर से 20 किलोमीटर दक्षिण में 30 किलोमीटर की गहराई में था। फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे से ठीक पहले आए इस भूकंप को लगभग 6,000 लोगों ने महसूस किया।

**सम्बंध विच्छेद**

मैं नारायण सिंह पुत्र बाबु राम, निवासी म. नं.-130, कालका गढी, गाजियाबाद, उ.प्र. अपने स्व. पुत्र लवली गुलशन की पत्नि ज्योति व उसकी पुत्री भूमिका के गलत व्यवहार व दोनों मेरे कहने सुनने में नहीं है, इससे तंग व परेशान होकर अपने पारिवारिक सम्बन्ध समाप्त कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन के लिए वे लोग स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सांसद अतुल गर्ग ने किया सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के बीजेपी सांसद अतुल गर्ग ने एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट की ओर से एनसीआर के शहरों में आवारा डॉगी को शेल्टर होम्स में रखने के फैसले का स्वागत किया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध करने वाले डॉग लवर्स को उन्होंने जमकर खरी-खोंटी सुनाई। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि पशु प्रेम अच्छी बात है, वे भी पशुओं से प्रेम करते हैं लेकिन माहौल इतना खराब हो गया कि अक्सर देखा जाता है कि कुत्ते बच्चों को नोंचते हैं। मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्गों पर हमला करते हैं। कुत्तों की ओर से जो सडकों पर गंदगी फैलाई जा रही है, उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? डॉग लवर्स तो नहीं लेते हैं। पशु प्रेम का यह मतलब नहीं है पशुओं का जो आतंक है उसे मनुष्य बर्दाश्त करें। जिन लोगों को कुत्तों ने काटा है क्या डॉग लवर्स उनका हालचाल लेने गए क्या? डॉग



लवर्स के लिए कडा फैसला है लेकिन इंसानियत के लिए अच्छा फैसला है। डॉग लवर्स से गुजारिश है कि जहां आवारा कुत्तों को रखा जाएगा, वहां जाकर वे रोटी खिलाएं और अपने प्यार का इजहार करें।

## संसद में जीएसटी के संबंध में व्यापारियों के हित की बात उठाने के लिए सांसद अतुल गर्ग का बहुत-बहुत आभार : डॉ.अतुल जैन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन आफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन ने गाजियाबाद लोकसभा के लोकप्रिय सांसद अतुल गर्ग द्वारा जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों का हो रहा है उत्पीड़न और छोटी-छोटी गलतियों के कारण वाहन को चेक करके परेशान करने की बात को संसद में उठाये जाने पर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया है और उनकी प्रशंसा करते हुए सभी व्यापारियों की ओर से बताया कि एक अभिभावक की भूमिका में उन्होंने संसद में जितनी जोरदार आवाज उठाई है अवश्य ही व्यापारियों के हित में कुछ इस तरह के निर्णय होंगे कि अधिकारी कानून और नियम की आड़ में छोटी-मोटी गलतियों का बहाना बनाकर कर जिस तरह व्यापारियों को परेशान करते हैं और वाहन को रोक कर जुर्माना जमा करने का दबाव बनाते हैं उसे अवश्य ही निजात मिलेगी। जबकि कुछ मामलों में ना तो कर की चोरी होती है और ना ही चोरी की मंशा स्पष्ट हो पाती है।



पूर्व में विभिन्न संगठनों ने और हमारे संगठन गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल ने भी सांसद अतुल गर्ग को इस परेशानी से अवगत कराया था और उन्होंने आश्वासन दिया था कि वह भारत की वित्त मंत्री से इस विषय में बात करके समाधान निकलवायेंगे।

कल संसद में जिस तरह से सांसद अतुल गर्ग ने सभी व्यापारियों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए विषय को रखा है उससे गाजियाबाद जनपद और उत्तर प्रदेश के व्यापारियों के साथ-साथ संपूर्ण भारतवर्ष के व्यापारियों को राहत मिलने की पूरी उम्मीद है और पूरे व्यापार जगत में खुशी की लहर है।

## राष्ट्रीय लोक दल ने साहिबाबाद विधानसभा में चलाया सदस्यता अभियान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय लोक दल की ओर से बुधवार को साहिबाबाद विधानसभा के ग्राम पसौंडा संगम बैंकट हॉल में साहिबाबाद विधानसभा अध्यक्ष कुर्बान अली द्वारा सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह ने की।

संचालन क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन ने किया। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव चौधरी तेजपाल सिंह ने राष्ट्रीय लोकदल को किसान, कमेरे, मजदूर, नौजवान व अल्पसंख्यक समाज का सच्चा हितैषी बताया और लोगों से राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण करने का आवाहन किया। इस मौके पर सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी व जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने भारी संख्या में लोगों को सदस्यता दिलवाई। क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन व क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रोफेशनल मंच अरुण ढैया ने बताया कि आने वाले समय में राष्ट्रीय लोकदल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में बड़े कार्यक्रम करने जा रहा है। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव चौधरी तेजपाल सिंह, जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष चैयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, क्षेत्रीय महासचिव वरुण चौधरी भुल्लन, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रोफेशनल मंच अरुण दहिया, जिला महासचिव दीपू शर्मा, सुशील सैनी, कुर्बान अली विधानसभा अध्यक्ष, डॉक्टर हारून, तारीख चौधरी, हाजी अनीस अहमद, बबलू सिंह, ब्रह्म सिंह, तस्लीम चौधरी, जमील अहमद, साजिद, मनोज कुमार शर्मा, प्रवेश चौधरी, शौकीन, जाहिद, कुर्बान चौधरी, मासूम अली, मुस्तफा सैफी, अनस, राहुल, इम्तियाज खान, मोहम्मद सैफी, मोहम्मद नदीम, नूरुद्दीन, नावेद राव, निषाद, इकरार, इरफान अली, मुस्तकीम आदि लोग उपस्थित रहे।

## नृत्यांजलि 2025 का किया गया भव्य आयोजन

### चार जिलों से 52 स्कूलों के 624 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग













**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन द्वारा नृत्यांजलि 2025 देशभक्ति गीतों पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन इंडस वैली पब्लिक स्कूल सेक्टर 62 नोएडा में किया गया। इस आयोजन में चार जिलों से 52 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। आयोजन में देशभक्ति का भाव देखते ही बनता था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण सिंह, राज्यसभा सांसद, राष्ट्रीय महासचिव भाजपा व कार्यक्रम के अध्यक्ष कृपा शंकर, संयुक्त प्रचार प्रमुख उ.प्र. व उत्तराखंड रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उसके उपरांत सभी विद्यालयों ने क्रम से अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम संयोजक पायलट राकेश त्यागी ने कार्यक्रम के शुभारंभ में ही बताया कि यह कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रतियोगिता के साथ-साथ सभी विद्यालयों की एकजुटता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी विद्यालयों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट व पार्टिसिपेशन ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

### सभी विद्यालयों की प्रस्तुति रोमांचित करने वाली थी : अरुण सिंह

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण सिंह ने कहा कि सभी विद्यालयों की प्रस्तुति रोमांचित करने वाली थी। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के अंदर देशभक्ति की भावना को बल मिलता है। उन्होंने आयोजकों व उपस्थित सभी विद्यालयों के संचालकों व प्रधानाचार्यों को भी इस शानदार कार्यक्रम के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दर्शक मंत्र मुग्ध होकर व तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन कर रहे थे।

### अध्यक्ष कृपा शंकर ने राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन की प्रशंसा की

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम के जज के रूप में मिस मीनल, कथक डांसर वंदना भार्गव व आभा त्यागी ने बच्चों की परफॉर्मेंस का आकलन किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में कृपा शंकर ने राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन की भूमिका को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया और कहा कि राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान अपनी गतिविधियों के माध्यम से पिछले कई वर्षों से शिक्षण संस्थानों को एक बैनर तले इकट्ठा करने में उनके समस्याओं का निराकरण करने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डीएलएफ पब्लिक स्कूल का प्रथम स्थान रहा, द्वितीय स्थान पर सनवेली इंटरनेशनल स्कूल व दयावती मोदी पब्लिक स्कूल तीसरे स्थान पर रहा।

### काफी संख्या में लोग मौजूद रहे

**करंट क्राइम।** इस अवसर पर इंडस वैली पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर निहारिका सिंह, प्रिंसिपल शिखा शर्मा, वी एम त्यागी, योगेंद्र सिंह, नीरज शर्मा, रामेश्वर निर्माण, सुबोध त्यागी, पुनीत लोधी, ललित त्यागी, सुरेश सैनी, सुमित त्यागी, विवेक राठौर, राजीव त्यागी, स्वरूप चंद शर्मा, सागर यादव, सुषमा त्यागी, प्रीति गोयल, प्रीति शर्मा, प्रशांत गर्ग, कल्पना महेश्वरी, अमिताभ शुक्ला, मुकेश त्यागी, देवेंद्र यादव, हिमांशु त्यागी आदि शिक्षा जगत के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## इंडियन काउंसिल ऑफ इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंडियन काउंसिल ऑफ इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट ने सर्वोच्च न्यायालय के उस निर्देश का जोरदार स्वागत किया है, जिसमें पूरे देश के सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों में आंतरिक समिति, जिसे पहले आंतरिक शिकायत समिति कहा जाता था – के गठन और कामकाज की जांच के लिए छह सप्ताह के भीतर राष्ट्रव्यापी सर्वे कराने का आदेश दिया गया है।

यह आदेश ऐसे समय आया है जब कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के लागू होने के बावजूद, कई क्षेत्रों में अनुपालन अभी भी अधूरा या नाममात्र का है। संस्था के अध्यक्ष सतेंद्र सिंह ने कहा कि यह आदेश एक ऐसा ठोस प्रवर्तन कदम, जो कानून की भावना को जमीन पर कार्रवाई से जोड़ता है। यह अधिनियम महज औपचारिकता नहीं है, यह कार्यस्थल पर सुरक्षा और गरिमा की गारंटी है। दुर्भाग्य से, कई संस्थानों में, विशेषकर छोटे और मझोले क्षेत्र में, आंतरिक समितियां या तो बनी ही नहीं हैं, या केवल कागजों पर हैं। सर्वोच्च न्यायालय का यह सक्रिय हस्तक्षेप सभी नियोक्ताओं के लिए एक जरूरी चेतावनी है।

## जिला प्रशासन व सिविल डिफेंस द्वारा किया गया 'बाईक एवं स्कूटी तिरंगा रैली' का सफल आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शासनादेश के क्रम में जिला प्रशासन गाजियाबाद व सिविल डिफेंस द्वारा 2 से 15 अगस्त के अन्तर्गत हर घर तिरंगा यात्रा के मद्देनजर 'बाईक एवं स्कूटी तिरंगा रैली' का आयोजन किया गया। सांसद अतुल गर्ग द्वारा मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एड.सीपी आलोक प्रियदर्शी, एडीएम सिटी विकास कश्यप, एड.डीपीसी सच्चिदानंद, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, चीफ वार्डन सिविल डिफेंस ललित जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल, अनिल अग्रवाल, गुलाम नवी सहित अन्य गणमान्यों की उपस्थिति में "बाईक एवं स्कूटी तिरंगा रैली" को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल व एड.सीपी आलोक प्रियदर्शी की अगुवाई में हर घर तिरंगा यात्रा के मद्देनजर "बाईक एवं स्कूटी तिरंगा रैली" का आयोजन किया गया। "बाईक एवं स्कूटी तिरंगा रैली" में





सैकड़ों की संख्या में प्रतिभाग करते हुए सिविल डिफेंस, प्रशासनिक अधिकारी, मीडिया बन्धुओं सहित जनपदवासियों ने रैली को सफल बनाया।

यह "बाईक एवं स्कूटी तिरंगा रैली" कविनगर रामलीला मैदान से शुरू हुई और हापुड़ रोड से होते हुए ठाकुरद्वारा मोड पर पहुंचकर रुकी तथा वहां पर शहीद श्री चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने गंतव्य की तरफ रवाना हुई और घंटाघर पर पहुंच कर शहीद सरदार भगत सिंह की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत चौधरी मोड़ से वापसी करते हुए पुराने बस अड्डे से हापुड़ रोड कलेक्ट्रेट होते हुए पुनः वापस कभी नगर रामलीला ग्राउंड पर समाप्त हुई। एडीएम सिटी विकास कश्यप, एड.डीपीसी श्री सच्चिदानंद, जिला सूचना अधिकारी श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा गुलाम नबी, राजेंद्र शर्मा स्टाफ अधिकारी टू चीफ वार्डन (फायर), पूर्व डिप्टी चीफ वार्डन अनिल अग्रवाल सहित सैकड़ों लोगों द्वारा प्रतिभाग कर तिरंगा रैली को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

## शिव शक्ति मंदिर में सांसद अतुल गर्ग ने बच्चों को किया झंडा वितरण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सांसद अतुल गर्ग द्वारा शिव शक्ति मंदिर में बच्चों को झंडा वितरण किया गया। बच्चों और बड़ों को केले का प्रसाद भी दिया गया।

बजरंगबली की पूजा के साथ मुख्य महंत जगदीश शर्मा ने पूजा कराई और झंडा वितरण चालू हुआ। इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद उदित मोहन उपस्थित रहे तथा मंडल अध्यक्ष वरुण नगर की समय से पूर्व ही पहुंच गए। मनीष विशाल, विपिन अग्रवाल, राजेंद्र मित्तल मेदी वाले, प्रतिनिधि सांसद अंकुर गोयल, सुनील त्यागी, राजकमल त्यागी, विपिन अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## एसटी मार्क्स पब्लिक स्कूल की गली खोल रही है नगर पालिका की पोल



**लोनी, करंट क्राइम।** नगर पालिका की पोल खोल रही कृष्णा विहार फेस 2 वार्ड नंबर 7 में स्थापित स्कूल एसटी मार्क्स पब्लिक स्कूल की गली। स्कूल में छात्रों का आवागमन इतना दूषित हो गया है कि स्कूल तक पहुंच ही नहीं पाते हैं और इस गंदगी की वजह से बच्चों में संक्रामक रोग भी फैल रहे हैं। नगर पालिका की लापरवाही साफ नजर आ रही है। इस गली की हालत देखकर यह लग रहा है कि बच्चों को शिक्षा कैसे प्राप्त हो सकेगी। स्कूल के प्राचार्य का कहना है कि कई बार नगर पालिका को इस गली के निर्माण के लिए प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई जबकि नगर पालिका अध्यक्ष इस गली को अनदेखा कर रही है जानते हुए भी गली का निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है। बच्चे स्कूल में किस हालत में पहुंचेंगे यह एक बहुत बड़ी समस्या है।

## रोटरी क्लब साहिबाबाद ने किया बुजुर्ग आश्रम में राशन वितरण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब साहिबाबाद द्वारा समाज सेवा की एक और पहल के अंतर्गत बुधवार को पंच आस सेवार्थ समिति, पास सोसायटी, बुजुर्ग आश्रम, निकट सिटी फॉरेस्ट करहेड़ा गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में आश्रम की मांग पर वृद्ध आश्रम में रह रहे निराश्रित वृद्धजनों के लिए दो माह का राशन जिसमें मुख्य रूप से आटा, चावल, दालें, रिफाइंड तेल, सरसों का तेल, देसी घी, पोहा, सूजी बेसन, दलिया, ओट्स, मैगी, चीनी, चाय पत्ती, बिस्कुट, रस्क, सभी तरह के मसाले, नहाने व कपड़े धोने के साबुन, सर्फ, शैंपू, हार्पिक, फिनायल, वाइपर, डस्टर एवं वस्त्र इत्यादि प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब साहिबाबाद के अध्यक्ष शलभ अग्रवाल, सचिव आर. पी. महेश्वरी, कोषाध्यक्ष विभा सिंह, क्लब सदस्य गण रश्मि महेश्वरी, तरु अग्रवाल, पुष्पेंद्र कुमार एवं वीरेंद्र सिंह के साथ-साथ बुजुर्ग आश्रम के संचालक विजय सिंह एवं आश्रम का स्टाफ तथा आश्रम में रह रहे वृद्धजन उपस्थित रहे।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि रोटरी क्लब साहिबाबाद द्वारा पिछले सप्ताह भी एक अन्य वृद्ध आश्रम में एक माह का राशन उपलब्ध कराया गया था। वृद्ध आश्रमों हेतु राशन की व्यवस्था क्लब के सभी सदस्यों के आर्थिक एवं भौतिक सहयोग से ही संभव हो पा रही है।

## राजपूत करणी सेना ने किया महाराणा प्रताप भवन में बैठक का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राकेश मार्ग स्थित महाराणा प्रताप भवन पर राजपूत करणी सेना ने बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले की कार्यकारिणी की घोषणा करना व कार्यकर्ताओं को करणी सेना के महत्व का विस्तार में जानकारी देना था। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह के निर्देश अनुसार प्रदेश भर में कार्यकारिणी का गठन किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष धीरज ठाकुर ने संगठन के महत्व को बताते हुए कहा कि करणी सेना निरंतर लंबे समय से समाज के सेवा कार्यों में प्रतिबद्धता के साथ काम करती आ रही है और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर गाजियाबाद जिले के जिला अध्यक्ष विकास भदोरिया ने जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर धन्यवाद करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी




### काफी संख्या में लोग मौजूद रहे

**करंट क्राइम।** इस अवसर पर जिला गाजियाबाद संरक्षक वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, संजीव सिसोदिया, वरुण सिंह पुंडीर, प्रदीप सोलंकी, मनोज चौहान, नीलू सिंह, जिला महासचिव हरकेश राघव, उपाध्यक्ष अजय सोम, डिम्पल राघव, सुरेंद्र भाटी, नितिन चौहान, अर्जुन तोमर, जिला सचिव अनुज राघव, सुमित चौहान. कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सह कोषाध्यक्ष सोनी राघव, मीडिया प्रभारी गौरव शिशोदिया, सोशल मीडिया प्रभारी हेमलता, सह सोशल मीडिया प्रभारी सुजल सिंह, कार्यालय प्रभारी कैलाश सिंह, सह कार्यालय प्रभारी मनीष राणा, लीगल एडवाइजर शोभित सिंह, पुष्कर राजपूत, शोकिंदर चौहान, अशोक चौहान व अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत महापौर ने वितरण किए तिरंगे

### अपने वार्ड और आवास पर आने वाले आगंतुकों को महापौर ने दिए झंडे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आान पर देश में हर घर तिरंगा लगाने का संकल्प लिया गया है जिसके अंतर्गत महापौर एवं नगर आयुक्त के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम ने भी सभी वार्डो में 1500 झंडे प्रतिवार्ड वितरण किये हैं जिससे हर घर तिरंगा फहराया जा सकें। महापौर सुनीता दयाल स्वयं भी इस अभियान में कार्य कर रही हैं।



अपने वार्ड अपनी कॉलोनी के सभी घरों में और अपने आवास पर आने वाले सभी आंगतुकों को भी झंडा वितरण कर रही हैं जिससे हमारे प्रधानमंत्री का आान पूरा हो सके। साथ ही महापौर ने सभी को यह भी बताया अभी के बाद इस तिरंगे को सम्मान सही उतार कर अपने घर के सुरक्षित स्थान पर रख दे जिससे आगामी वर्ष में भी प्रयोग किया जा सके और हमारे तिरंगे का सम्मान बना रहे। महापौर ने यह भी कहा कि 15 अगस्त या ऐसा दिन जब हम तिरंगा यात्रा निकलते हैं या अन्य आयोजन करते हैं तब कई बार देखने में आता है कि कोई बच्चा या जाने-अनजाने हमारा तिरंगा नीचे गिर जाता है जो बहुत ही गलत है।

मेरी सभी शहरवासियों से यह अपील है कि किसी भी यात्रा या आयोजन में हमारे तिरंगे का सम्मान खोना नहीं चाहिए और अगर जाने-अनजाने यह गलती हो जाये तो उसको हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझ कर उठाकर किसी अच्छे स्थान पर लगाए।